आर.एन.आई. नं. 7387/63
मुद्रण तिथि : 29-30 मई 2022
डाक प्रेषण तिथि : 29 मई - 1 जून 2022
ISSN : 2456-611X

वर्ष : 60 ● अंक : 04
मूल्य : 10/- ● पृष्ठ संख्या : 60
डाक पंजीयन संख्या BIKANER/022/2021-23
Office Posted At R.M.S., Bikaner

राम चमकते भानु समाना

श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ का मुखपत्र

श्रमणोपासक समाचार पाक्षिक

जैन धर्म में निहीत विश्व शान्ति

संघ शिखर सदस्य

श्री शान्तिलाल जी सांड
बेंगलुरु

श्री विमल जी सिपाणी
बेंगलुरु


श्री रिद्धकरण जी सिपाणी
बेंगलुरु

श्री जयचन्दलाल जी डागा
बीकानेर

श्री सोमप्रकाश जी नाहटा
सूरत

श्रीमती मंजू जी शाह (बोहरा)
पिपलियाकलां

स्व. श्री मूलचन्द जी डागा
बीकानेर

समता मनीषी
श्री उमरावमल जी बम्ब, टोंक

स्व. श्री विजयचन्द जी डागा
बीकानेर

श्री माणकचन्द जी नाहर
उदयपुर

श्रीमती कुमुद विमल जी सिपानी
बेंगलुरु

श्री दिनेश जी सिपाणी
बेंगलुरु

श्री पंकजराज जी शाह (बोहरा)
पिपलियाकलां

रचनाएँ आमंत्रित

भगवान महावीर के अहिंसा सन्देश को जन-जन के हृदय पटल पर जागृत करने एवं समाजोत्थान के साथ-साथ समाज कल्याण को समर्पित आपकी अपनी श्रमणोपासक पत्रिका का अंक आपके करकमलों में है। आप संघ के मुखपृष्ठ के नियमित पाठक है यह हमारे लिए हर्ष का विषय है। हम आतुर हैं आपके सुझावों को जानने के लिए। कृपया श्रमणोपासक के सम्बन्ध में आप अपने सुझाव हमें नि:संकोच भिजवाएँ ताकि इसे और अधिक जनोपयोगी व रुचिकर बनाया जा सके। आपके सुझाव हमारा मार्गदर्शन करेंगे ऐसा हमारा विश्वास है।

श्रमणोपासक के धार्मिक अंक विभिन्न विषयों पर आधारित होते हैं। इसी प्रकार आगामी **15-16 जुलाई 2022** का धार्मिक अंक **''चातुर्मास : विभिन्न परिप्रेक्ष्य (धार्मिक, सामाजिक, प्राकृतिक एवं सैद्धांतिक) में''** विषय पर प्रकाशित किया जाएगा। रचनाओं की शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्द रहेगी। सम्माननीय पाठकगण अपनी रचनाएँ शीघ्रातिशीघ्र भिजवाने का लक्ष्य रखें। प्राप्त मौलिक एवं सारगर्भित रचनाओं को समाहित करने का लक्ष्य रहेगा। विषय सन्दर्भित आपकी रचनाएँ- लेख, कविता, भजन, कहानी आदि मो. **9314055390** एवं ईमेल : **news@sadhumargi.com** पर हिन्दी व अंग्रेजी में सादर आमंत्रित हैं। उल्लेखित विषयों के अलावा भी आपकी सारगर्भित रचनाओं के लिए श्रमणोपासक टीम सदैव आतुर हैं।

-श्रमणोपासक टीम

संघ महाप्रभावक सदस्य

श्रीमती कुसुमजी कोटड़िया
कोण्डागाँव

श्री रतनलालजी साँखला
अजमेर

श्रीमती प्रेमलताजी नंदावत
बैंगलोर

श्रीमती सुन्दरदेवी सुराणा
बैंगलोर/गंगाशहर


श्री पारसजी छाजेड़
धमधा

श्री पारसजी खेतपालिया
ब्यावर

श्री रिखबचंदजी सोनावत
भीनासर

श्री मनीषकुमारजी कोठारी
बैंगलोर

श्री मेघराजजी पुगलिया
कोलकाता

श्री सुरेशकुमारजी नांदेचा
खाचरोद

श्री राजेशजी कटारिया
बैंगलोर

श्री पारसजी छल्लाणी
सोनाली

स्व. श्री ओमप्रकाशजी भूरा
देशनोक

श्री प्रसन्नजी सुराणा
रायपुर

श्री कान्तिलालजी कटारिया
रतलाम

श्रीमती आशादेवी कटारिया
रतलाम

श्रीमती रतनीदेवी लूणावत
दिल्ली

श्री मोतीलालजी मुणोत
जलगाँव

श्रीमती तारादेवी सुराणा
गंगाशहर

श्री राजमलजी चौरड़िया
जयपुर

श्री ललितकुमारजी लोढ़ा
मदुरान्तकम्

श्री निर्मलकुमारजी भूरा
करीमगंज

श्री राजकुमारजी बच्छावत
नेपाल

श्री केशरीमल जी देशलहरा
दुर्ग

तृतीय चरण

श्री खूबचन्द जी पारख
राजनांदगांव

श्री राजीवजी सूर्या
उज्जैन

श्री विनयजी अब्भाणी
चित्तौड़गढ़

श्री प्रकाशजी कांकरिया
इन्दौर

श्री उत्तमचंदजी रांका
जयपुर

स्व. श्रीमती सरोजदेवी
सुराणा-बेरला

श्री रावतमलजी संचेती
गंगाशहर

श्री पुखराजजी मुकिम
जयपुर

श्री जयचंदलालजी मरोटी
देशनोक/कोलकाता


श्रीमती कमलादेवी कोठारी
बैंगलोर


स्व. श्रीमती सुभद्रादेवी पगारिया
सूत

श्री शांतिलालजी डागा
कोलकाता

श्री राजमलजी पंवार
कानवन

कार्यसमिति (10 जनवरी 2016) के अनुसार

तृतीय चरण * श्री केशरीमलजी देशलहरा-दुर्ग * श्री शांतिलालजी बच्छावत-सूरत * श्री अनिलकुमारजी गोलछा-सिलचर * श्री प्रकाशचंदजी कोठारी-अमरावती * श्रीमती कमलादेवी संचेती-देशनोक/दिल्ली * श्री सुन्दरलालजी बोथरा-मुम्बई * श्री गोपालचंदजी खिंवसरा-बैंगलोर * श्री बापूलालजी कोठारी-उदयपुर * श्री विजय कुमार जी टंच-बदनावर

द्वितीय चरण * श्री तेजकुमार तातेड़-इंदौर * श्री पूनमचंद जी भूरा-भीलवाड़ा * श्री बसंतीलाल जी चंडालिया-चित्तौड़गढ़ * श्री बसंत कटारिया-रायपुर * श्रीमती इन्द्राबाई जी धाड़ीवाल-रायपुर * श्री कमल जी बैद-मुम्बई * श्री प्रकाशचंद जी सूर्या-उज्जैन * श्रीमती सुनीता जी मेहता-बेलगाँव * श्री दिलीप जी पगारिया-जावरा * श्री राजकुमार जी बाफना-हरदा * श्री प्रेमचंद जी व्होरा-बदनावर

प्रथम चरण * श्रीमती सूरजादेवी बरड़िया-सिलचर * श्री मनोज कुमार जी संचेती-बेलगाँव * श्री उदयराज जी पारख-रायपुर * श्री झंवरलालजी कुम्मट-सिलचर * श्री सोहनलालजी रांका-ब्यावर * श्रीमती ज्ञानकँवरजी ओस्तवाल-ब्यावर * श्री विजयकुमारजी मुणोत- हैदराबाद * श्री भीखमचंदजी ओस्तवाल-कलंगपुर * श्री अखराजजी ओस्तवाल-भिलाई * श्री मुन्नालालजी पँवार-कानवन * श्री चेतनकुमारजी हिंगड़-ब्यावर * श्री विजयकुमारजी मुणोत-हैदराबाद * श्री अभयकुमारजी भण्डारी-जावरा * श्री दिलीपजी ओस्तवाल-कलंगपुर * श्री कँवरलालजी देशलहरा-गुण्डरदेही * श्री प्रकाशचंदजी श्री श्रीमाल-हैदराबाद

SIPANI
RITZY. POETIC. URBANE

सामाजिक जिम्मेदारी ही हमारी पहचान

सिपानी सेवा सदन, बैंगलोर एक ऐसा निवास स्थान है जहाँ बुजुर्ग एवं असहाय व्यक्तियों को निःशुल्क भोजन, कपडे, चिकित्सा आदि उपलब्ध करवाए जाते हैं।

इस सदन ने छः वर्ष पूर्ण कर लिए हैं एवं 100 से शुरुआत करके वर्तमान में 300 व्यक्तियों को यह सेवा उपलब्ध है। अब हम 100 अतिरिक्त आवासियों को जोडने की व्यवस्था कर रहे हैं।

इस सुविधा में पूर्ण सुसज्जित एंबुलेन्स, डाक्टर व नर्सिंग देखभाल आदि की सुविधा चौबीसों घंटे उप्लब्ध है एवं 40 का स्टाफ इस सेवा में नियुक्त है।

आर के सिपानी फाउंडेशन

439 18वाँ मेइन , 6वाँ ब्लॉक, कोरमंगला, बेंगलूर – 560 095

संपर्क सूत्र : संतोष 9964105057, 9243667700, सिपानी कार्यालय । ई–मेल : sipanigrand@gmail.com



A Premier Clay Specialists in The Country...

- 48 years of experience with efficient processing technology and high-quality deposits of raw materials.
- Extraction, Processing and Refining of industrial minerals, particularly Ball Clay, China Clay, Bentonite, Silica Sand, Quartz, Potassium & Sodium Feldspar.
- In-depth knowledge of the market and understands the need for high-grade raw materials in the ceramic industries.
- Extraction of raw materials to the final delivery of the finished product, all of our procedures are subjected to ongoing quality monitoring.
- Export good quantity of minerals to various countries.
- Import of many others minerals and raw materials for Indian ceramics industries.

JLD MINERALS
Jaichand Lal Daga group

Corporate Office :
1st Floor, Labhuji Ka Katla,
Bikaner-334001, Rajasthan, INDIA

Phone : +91-151-2220380 / 2521624 / 3294234
FAX : +91-151-2522768, Mobile No. 09829217944
Email : wbcclay@yahoo.com

www.jldminerals.com

जन्म
सम्वत् 1987
गंगाशहर

संथारा सहित महाप्रयाण
अप्रैल 6, 2022
चैत्र शुक्ल 5 सम्वत् 2079
करीमगंज

स्व. श्रीमती भीखीदेवी भूरा

श्रीमती भीखीदेवी भूरा का जन्म गंगाशहर निवासी स्व. श्री मूलचंदजी एवं श्रीमती तीजादेवी लुनिया के घर-आँगन में सम्वत् 1987 में हुआ। प्राथमिक शिक्षा के पश्चात् 13 वर्ष की आयु में आपका विवाह देशनोक निवासी श्री कल्याणचंदजी भूरा (सुपुत्र स्व. श्री मदनचंदजी-हीरादेवी भूरा) के साथ बैसाख शुक्ल 3 (अक्षय तृतीया) सम्वत् 2000 को संपन्न हुआ।

आप अत्यंत धर्मनिष्ठ सुश्राविका होने के साथ-साथ आचार्य श्री रामेश सहित पूर्वाचार्यों में अटूट आस्था रखती थी। स्व. भीखीदेवी नित्य पच्चक्खाण के साथ लगभग 15 सामायिक प्रतिदिन करती थी। आपने अनेक तपस्याएँ की, जिनमें 1 मासखमण, 1 से 9 की लड़ी, एकासन का मासखमण, एकान्तर तप एवं अनगिनत उपवास, बेले, तेले की तपस्याएँ शामिल हैं। आपके अनेक वर्षों से रात्रिभोजन एवं जमीकंद का त्याग था।

श्रीमती भीखी देवी एक गौरवशाली परिवार से होने के साथ-साथ आचार्य श्री रामेश की संसारपक्षीय भाभीजी थी। आपकी संसारपक्षीय ज्येष्ठ पुत्री साध्वी श्री सुअर्चाश्रीजी म.सा. एवं संसारपक्षीय दोहित्री साध्वी श्री संस्कारश्रीजी म.सा. आचार्य श्री रामेश शासन को देदीप्यमान कर रहे हैं।

करीमगंज में निज निवास पर दिनांक 6 अप्रैल 2022, चैत्र शुक्ल पंचमी, सम्वत् 2079 को आपका संथारा सहित महाप्रयाण हो गया। आप अपने पीछे भरा-पूरा संस्कारवान परिवार छोड़कर गई हैं।

: श्रद्धावनत् :

जयचंदलाल-सरलादेवी भूरा, निर्मलकुमार-शोभादेवी भूरा, अजयकुमार-कुसुम भूरा (पुत्र-पुत्रवधू), अमरावदेवी-स्व. जेठमलजी तातेड़, सूरजदेवी-स्व. इन्दरचंदजी धारीवाल, इंद्रादेवी-सूरजमलजी पारख (पुत्री-दामाद), विकास-श्वेता भूरा, आकाश-सुरभि भूरा, अनुभव भूरा, निहाल भूरा (पौत्र-पौत्रवधू), रजनी-विशाल केडिया, प्रियंका-मोहित नाहटा, विनीता-लव करन पारख (पौत्री-दामाद), तन्वी भूरा, सावी भूरा (पड़पौत्री), महेंद्र, धरमचंद, पंकज (दोहिते), जतन, ममोल, पुष्पा, विद्या, सुमन, संतोष, संगीता (दोहितियाँ)

श्रमणोपासक
।। जय गुरु नाना।।
।। जय महावीर।।
29-30 मई, 2022
।। जय गुरु राम।।
राम चमकते भानु समाना
पंजीयन संख्या : आर. एन. 7387/63

श्रमणोपासक
समाचार पाक्षिक

Visit us : www.sadhumargi.com

प्रकाशक
श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

अध्यक्ष एवं प्रधान सम्पादक
गौतम चन्द जैन, मुम्बई

सह-संपादिका
श्रीमती मोनिका जय ओस्तवाल, ब्यावर

बैंक खाता विवरण

Scan & Pay

Shree Akhil Bharatvarshiya Sadhumargi Jain Sangh, Bikaner

Bank	: State Bank of India
A/c No	: 31264126681
IFSC Code	: SBIN0003401
Branch	: G.S. Road, Bikaner
email	: accounts@sadhumargi.com
Mob. No.	: 7073311108

व्हाट्सएप और ई-मेल आईडी

श्रमणोपासक समाचार	: 8955682153	news@sadhumargi.com
श्रमणोपासक	: 9799061990	news@sadhumargi.com
साहित्य	: 8209090748	: publications@sadhumargi.com
महिला समिति	: 7231033008	: ms@sadhumargi.com
समता युवा संघ	: 7073238777	: yuva@sadhumargi.com
धार्मिक परीक्षा	: 7231933008	examboard@sadhumargi.com
कर्म सिद्धान्त	: 7976519363	examboard@sadhumargi.com
परिवारांजलि	: 7231933008	: anjali@sadhumargi.com
विहार	: 8505053113	: vihar@sadhumargi.com
पाठशाला	: 9982990507	: Pathshala@sadhumargi.com
शिविर	: 7231833008	: udaipur@sadhumargi.com
ग्लोबल कार्ड अपडेशन	: 6265311663	: globalcard@sadhumargi.com

सुविचार

ज्ञान

ज्ञान की आराधना से,
अज्ञान अंधेरा भागे।
एक मात्र ज्ञान ही तो,
जीवन का सार है।।
दया से भी आगे ज्ञान,
ज्ञानी ने बताया सही।
ज्ञान बिना जीवन में,
क्रिया तार-तार है।।
ज्ञान को बताया अर्क,
ज्ञान है सोयम अक्ष।
सुधा रसायन यह,
ऐश्वर्य अपार है।।
वीर कहे गौतम से,
ज्ञान का प्रकाश कर।
भव जल तरने में,
ज्ञान का आधार है।।

साभार- वीर कहे गौतम से

सूचना– किसी भी कार्य के लिए संबंधित विभाग से ही सम्पर्क करें। इससे आपका कार्य सुगम और त्वरित गति से हो सकेगा।

कार्यालय समय– प्रातः 10.00 से सायं 6.30 बजे तक
लंच– दोपहर 1.00 से 1.45 बजे तक

अनुक्रमणिका

श्रमण संस्कृति का स्वरूप अत्यन्त भव्य है
-परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री नानालालजी म.सा.
पेज नं. 09

गुरुचरण विहार
पेज नं. 10

विविध समाचार
पेज नं. 23

विविध भेंट मार्फत
पेज नं. 28

स्मृति शेष
पेज नं. 33

शोक संदेश
पेज नं. 36

श्री अ.भा.सा. जैन महिला समिति
पेज नं. 37

श्री अ.भा.सा. जैन समता युवा संघ
पेज नं. 43

विहार सूची
पेज नं. 48

धर्म तो रक्षक ही है

धर्म की तुम रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा। ऐसा कई बार बोला जाता है। यह कथन संस्कृत श्लोक के अर्थ रूप में लिया हुआ है, जैसा कि- **''धर्मो रक्षति रक्षित:''** अर्थात् रक्षित धर्म रक्षा करता है। किन्तु यदि यह कहें कि तुम धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा, यह बात जमती नहीं है। इसमें तो पारस्परिक अनुबन्ध जैसा लगता है। वस्तुत: स्थिति वैसी है नहीं। धर्म तो सदा रक्षा ही करता है। वह कभी नहीं कहता कि तुम मेरी रक्षा करो तो मैं तुम्हारी रक्षा करूँगा। इसको समझने के लिए एक उदाहरण देना ज्यादा उचित होगा ताकि वस्तु सत्य स्पष्ट हो सके। एक व्यक्ति अपने पास रिवॉल्वर रखता है। उसे भरोसा है कि रिवॉल्वर से मेरी रक्षा हो पाएगी। पर सोचें कि रिवॉल्वर में यदि गोलियाँ ही नहीं तो रिवॉल्वर रखने वाले का भरोसा क्या काम आएगा? रिवॉल्वर तब रक्षक होता है जब उसमें गोलियाँ हों एवं उसे चलाना भी आता हो। वैसे ही धर्म रूपी रिवॉल्वर में श्रद्धा रूपी गोलियाँ होंगी तो ही उससे हमारी रक्षा हो सकती है अन्यथा बिना गोलियों के रिवॉल्वर खाली खिलौना है। वैसे ही धर्म भी खाली खिलौना बना रह जाएगा। वह हमारी रक्षा कर नहीं पाएगा। दूसरी बात, रिवॉल्वर पास में होगा तभी वह रक्षक बन सकता है। यदि उसे कहीं अन्यत्र रख दिया तो वह रक्षा कैसे कर पाएगा? ठीक इसी प्रकार धर्म हमारे पास होगा तभी उससे हमारी रक्षा हो सकती है अथवा यों कहें कि तब ही वह हमारा रक्षक हो सकता है। यदि धर्म हमारे साथ हो ही नहीं तो वह हमारी रक्षा कैसे कर पाएगा? अत: रक्षित धर्म रक्षा करता है। इसका तात्पर्य है वह सदा तुम्हारे साथ रहे, तुम्हारे पास रहे। तुम्हारे पास रहा हुआ धर्म निश्चित ही तुम्हारी रक्षा करने वाला होगा, क्योंकि वह तो रक्षक है। उसका स्वभाव है रक्षा करना, पर वह साथ तो हो। इसलिए धर्म को सदा अपने में बनाए रखो।

मा.कृ. 13, शनिवार, 06.02.2016 **साभार- ब्रह्माक्षर**

प्रधान कार्यालय/ईमेल आईडी

समता भवन, आचार्य श्री नानेश मार्ग,
नोखा रोड, गंगाशहर, बीकानेर-334401 (राज.)
फोन : 0151-2270261, मो. : 9509081192
helpdesk@sadhumargi.com

संघ सदस्यता

साधारण सदस्यता	500/-
आजीवन सदस्यता	5,000/-

श्रमणोपासक सदस्यता

आजीवन (अर्द्ध मूल्य)	
(केवल भारत में)	500/-
(विदेश हेतु)	10,000/-
वार्षिक	
(केवल भारत में)	60/-
(विदेश हेतु)	1,000/-
वाचनालय वार्षिक	
(केवल भारत में)	50/-
प्रस्तुत अंक मूल्य	10/-

साहित्य सदस्यता

15 वर्ष (केवल भारत में) 3,000/-

धर्मदेशना

श्रमण संस्कृति का स्वरूप अत्यन्त भव्य है

-परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री नानालालजी म.सा.

ऋषभदेव प्रभु ने श्रमण संस्कृति का भव्य स्वरूप प्रस्तुत किया, जो मर्यादामय, त्यागमय एवं धर्ममय था। उस समय के वाहन आज के वाहनों की तुलना में हिंसा की दृष्टि से हल्के थे, फिर भी भगवान ऋषभदेव ने उन वाहनों का भी त्याग कर दिया। इससे जनता को सहज ज्ञान हो गया कि जो साधु बनता है वह हाथी, घोड़ा, रथ, पालकी आदि किसी वाहन को काम में नहीं लेता है। साधु अपने पैरों पर ही चलता है। चाहे कितनी ही सर्दी हो या गर्मी हो, वह अपने पैरों पर किसी तरह का आवरण भी नहीं चढ़ाता है।

आगे भगवान ने श्रेयांसकुमार के हाथों से प्रासुक गन्ने का रस ग्रहण किया, तब लोगों को जानकारी हुई कि सन्तों को शरीर के निर्वहन के लिए भोजन की भी आवश्यकता होती है, लेकिन वे दोष रहित आहार ही ग्रहण कर सकते हैं। यद्यपि उनको भूख की तिलमिलाहट नहीं थी किन्तु उन्हें साधु आचार की कई तरह की मर्यादाओं की प्रतिष्ठा करनी थी। प्रत्येक प्रकार से उन्होंने श्रमण संस्कृति के भव्य स्वरूप की प्रतिष्ठा की और वह भव्य स्वरूप क्रमश: तीर्थंकरों से पुष्ट होता हुआ भगवान महावीर के शासन में आज सबके सामने उपस्थित है। प्रश्न है उस भव्य स्वरूप की रक्षा का, क्योंकि अगर किसी भव्य स्वरूप को कोई जानबूझकर विकृत बनाता है तथा कोई उसको विकृत किए जाते हुए अवश होकर देखता रहता है तो दोनों समान रूप से अपराधी कहे जाएँगे।

प्रतिष्ठित, श्रेष्ठ संस्कृति की रक्षा का दायित्व महान होता है और यह श्रमण संस्कृति तो अत्यन्त ही भव्य है। क्या इसको विकृत बनाने के प्रयासों को निश्चेष्ट बनकर सहन किया जाता रहेगा? ध्यान रखिए कि क्या उसकी रक्षा अविवेक से की जा सकेगी? विवेक कैसा और अविवेक कैसा इसका ज्ञान इस रूपक से लीजिए-

प्राचीनकाल में एक गुरुकुल में अध्ययन-अध्यापन होता था। एक बार दो अध्यापक भोजन की तैयारी कर रहे थे तथा दो छात्र भी बैठे हुए थे। अध्यापकों ने दो कटोरियों में दही मँगवाया और उन कटोरियों की रक्षा के लिए दोनों छात्रों को यह निर्देश देकर स्नान करने चले गए कि **''काकेभ्य: दधि रक्षताम्''** अर्थात् दोनों छात्र दही की दोनों कटोरियों की कौओं से रक्षा करें।

दोनों छात्रों ने इस निर्देश का अलग-अलग अर्थ पकड़ा। पहले छात्र ने निर्देश के पहले अंश पर जोर दिया कि दही की कौओं से रक्षा की जाए। दिमाग में ''काकेभ्य:'' शब्द घूमा। उसने कौओं को कटोरी में चोंच भी नहीं डालने दी, लेकिन बिल्ली आकर दही चाटने लगी तो उस छात्र ने उसे नहीं रोका। कारण, गुरुजी ने कौओं से रक्षा करने का निर्देश दिया था। दूसरे छात्र ने उसी निर्देश के पिछले अंश को प्रमुख माना कि ''दधि रक्षताम्'' यानी कि दही की रक्षा की जाए, चाहे कौआ आए, बिल्ली आए या और कोई आए, उस दही की रक्षा की जानी चाहिए। उसने दही की रक्षा की। दोनों अध्यापक वापिस लौटे तो उन्हें मालूम हो गया कि किस छात्र में रक्षा करने का विवेक था। रक्षा तो दोनों करना चाहते थे, लेकिन एक के पास अविवेक था तो वह रक्षा नहीं कर सका तथा दूसरे ने विवेक रखा तो उसने दही की रक्षा की।

श्रमण संस्कृति के सभी अनुयायियों को इस अमूल्य संस्कृति की रक्षा करनी है। अब रक्षा कैसे करनी- विवेक से या अविवेक से? रक्षा की भावना होगी, फिर भी यदि अविवेक रखा तो संस्कृति की रक्षा नहीं कर पाएँगे। रक्षा की भावना भी रखें तथा विवेक भी रखें तभी इस संस्कृति के भव्य स्वरूप की समुचित रूप से रक्षा हो सकेगी। **साभार-नानेशवाणी-32**

युगनिर्माता आचार्य श्री रामेश भीषण गर्मी में निरन्तर कर रहे अध्यात्म की अमृत वर्षा : गाँव-गाँव में श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ रहा : सच्चे धर्म का अलख जग रहा

किसी की बुराई न करना, न सुनना -आचार्य श्री रामेश

मन की अनुकूल-प्रतिकूल अवस्था में समभाव रखना तपस्या का लक्ष्य -उपाध्याय प्रवर

आर्सीद, नेगड़िया, रघुनाथपुरा, मरेवड़ा, आमदला, राजाजी का करेड़ा, गाडरी खेड़ा, रायपुर, नांदशा जागीर, कोशीथल, देवरिया जिला भीलवाड़ा।

जिनशासन की शान हैं, गुरु राम उनका नाम है।
वर्तमान के ये वर्द्धमान हैं, हम भक्तों के भगवान हैं।।

जो स्वयं तिन्नाणं और तारियाणं के जहाज हैं, ऐसे युगनिर्माता, रत्नत्रय के महान आराधक, उत्क्रांति प्रदाता, गुणशील सम्प्रेरक, समता सर्व मंगल प्रदाता, आगमज्ञाता, नानेश पट्टधर आराध्यदेव आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलालजी म.सा., बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेशमुनिजी म.सा. आदि ठाणा की उत्कृष्ट संयम साधना एवं आगमसम्मत, ओजस्वी, तेजस्वी प्रवचनामृत से जन-जन लाभान्वित हो रहे हैं। देश-विदेश से धर्मप्रेमी जनता का सैलाब उमड़ रहा है। अनेक त्याग-नियम एवं प्रत्याख्यान ग्रहण कर जनता अपना जीवन धन्य बना रही है। भीषण गर्मी में भी गाँव-गाँव, नगर-नगर विहार कर परीषहों को सहन करते हुए त्यागी महापुरुष धर्म का अलख जगा रहे हैं। एक लम्बे अरसे के पश्चात् आराध्यदेव को अपने पूर्वजों की पावन भूमि के बीच पाकर प्रवासी-अप्रवासी श्रद्धालु अपने भाग्य की सराहना कर रहे हैं। दीक्षार्थी परिवार भी अपने कलेजे की कोर को पावन चरणों में समर्पित करने की भावना के साथ उपस्थित हो रहे हैं। मेवाड़ के छोटे-बड़े क्षेत्रों की क्षेत्र स्पर्शने एवं विभिन्न प्रसंग प्रदान करने की विनती लगातार श्रीचरणों में हो रही है। सौभाग्यशाली श्रीसंघ-उदयपुर के प्रतिनिधि मण्डल समय-समय पर सेवा में उपस्थित हो रहे हैं। जयनगर में बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेशमुनिजी म.सा. के पावन सान्निध्य में अक्षय तृतीया का पावन प्रसंग प्रथम बार उपस्थित होने से जयनगर मेवाड़ क्षेत्र हर्षित हुआ। मेवाड़ क्षेत्र में निरन्तर प्रभावी विचरण से जिनशासन की अद्भुत प्रभावना हो रही है।

01 मई 2022, आर्सीद (भीलवाड़ा)। विश्ववंदनीय आचार्य भगवन् का पुरानी पारसोली से आर्सीद में जय-जयकारों के साथ मंगल प्रवेश हुआ। सभी वर्ग-सम्प्रदाय के धर्मप्रेमी भाई-बहिन अगवानी में उपस्थित हुए।

जैन स्थानक में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए परमप्रतापी आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्य देशना में फरमाया कि ''*दुर्लभ मनुष्य जन्म व जिनशासन मिलने के बाद भी अगर हम राग-द्वेष, कषाय, विषय में भटकते रहेंगे तो फिर हमारा कहीं उद्धार होने वाला नहीं है। हमें अपनी बुराई नहीं दिखती है। हमें*

दूसरों की बुराई दिखती है, जबकि हमें दूसरों की बुराई नहीं अच्छाई देखनी है। आज मान-सम्मान की भावना की होड़ मची हुई है, जिसके कारण सेवा भावना लुप्त होती जा रही है और समाज में झगड़े बढ़ते जा रहे हैं। पैसे वाला अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए अपनी मनमानी कर रहा है। ''एक मुखिया सब सुखिया, सौ मुखिया सब दुखिया।'' कई बार ज्यादा ज्ञान होने से अहंकार पैदा हो जाता है।'' आचार्य भगवन् ने ''आज किसी की बुराई नहीं देखने का नियम'' सभा में उपस्थित सभी लोगों को दिलाया।

श्री मयंकमुनिजी म.सा. ने ''**महावीर भगवान देना सद्ज्ञानजी, मैं तो हूँ नादान प्रभु तेरी ही संतान जी**'' गीतिका प्रस्तुत करते हुए दशवैकालिक सूत्र के कुछ अध्ययनों की सुन्दर व्याख्या प्रस्तुत की।

शासन दीपिका साध्वी श्री सुप्रतिभाश्रीजी म.सा. एवं महिला मण्डल ने गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। मंत्री देवीलालजी पिपाड़ा व महेश नाहटा ने आचार्यश्री के आगमन को महान पुण्यवानी का उदय निरूपित करते हुए त्यागी-महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का निवेदन किया। 12 एकासन, 12 आयंबिल, 12 उपवास, 12 पौरसी करने, माह में 4 दिन मोबाइल का त्याग, वर्ष में 100 दिन बड़े स्नान का त्याग एवं धर्मस्थानक में प्रतिदिन एक बार आने का नियम अनेक भाई-बहिनों ने लिया। दोपहर में महापुरुषों के सान्निध्य में ज्ञानचर्चा, प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम हुए।

02 मई, आसींद। प्रात:कालीन मंगलमय प्रार्थना श्री लाघवमुनिजी म.सा. ने करवाई। विशाल धर्मसभा में जिनवाणी की गंगा बहाते हुए शास्त्रज्ञ आचार्य भगवन् ने अपनी पियूषवर्षिणी वाणी में फरमाया कि ''*किसी भी जीव की विराधना हम से न हो ऐसा हमारा प्रयास होना चाहिए। मन, वचन, काया से हमें यह ज्ञान होना चाहिए कि जीव और अजीव क्या हैं? जो इनकी पहचान नहीं करता वह धर्म की पहचान क्या कर पाएगा? जीव में संवेदन शक्ति होती है। धर्म हमारे भीतर सहनशक्ति, दृढ़ता, धैर्यता पैदा करता है। अधीर व्यक्ति धर्माराधना नहीं कर सकता। भगवान महावीर के कानों में कीलें ठोंकी गईं, किन्तु वे अविचल बने रहे। हमारा हर कार्य यतनापूर्वक होना चाहिए। यतना धर्म की जननी है।*''

महिला मण्डल ने ''**जिनशासन के वीरों को वंदन है, अभिनंदन है**'' गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया।

श्री मयंकमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि भगवान की वाणी भव्य जीवों को तिराने वाली होती है। हमें मिले हुए समय को व्यर्थ नहीं गंवाना। सभी जीव जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हमें किसी भी प्राणी का घात करने का अधिकार किसने दिया? कम से कम अनर्थ हिंसा से तो हम बचें। विभिन्न त्याग-प्रत्याख्यान हुए। दोपहर में ज्ञानचर्चा, प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम हुए। बाहर के दर्शनार्थियों का आवागमन जारी रहा।

03 मई, नेगड़िया (भीलवाड़ा)। जन-जन की आस्था के केन्द्र आचार्यदेव आदि संतवृन्द का जय-जयकारों के साथ नेगड़िया में मंगल पदार्पण हुआ।

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आगमज्ञाता आचार्य श्री रामेश ने फरमाया कि ''*आज वर्षीतप के पावन प्रसंग पर वर्षीतप करने वाली आत्माओं से प्रेरणा लें कि कैसे तप-साधना की ओर अग्रसर हों। एक बुराई सौ अच्छाई को ढकने वाली होती है। एक अच्छाई सौ बुराई का नाश करने वाली होती है। हमें ये आँखें मिली हैं अच्छाई देखने के लिए। हमें ये कान मिले हैं अच्छा सुनने के लिए। आज के इस शुभ अवसर पर हम अपने जीवन में दो सूत्र धारण करें- पहला सूत्र, किसी की बुराई नहीं करनी। दूसरा सूत्र, सुपात्रदान बहराना। सन्तों को शुद्ध आहार बहराने का हमारा लक्ष्य रहे।*

हमें किसी की न बुराई सुननी है, न करनी है और न ही देखनी है।'' आज से एक सप्ताह तक किसी की बुराई नहीं करने, नहीं देखने एवं नहीं सुनने का नियम कई भाई-बहिनों ने लिया।

श्री आदर्शमुनिजी म.सा. ने अपने उद्बोधन में फरमाया कि आज वर्षीतप के पारणों के प्रसंग पर आप सभी उपस्थित हुए हैं। वर्षीतप करने वाली आत्माएँ धन्य हैं। हमें इन आत्माओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। वास्तव में साधना क्या होती है यह आपको देखनी है तो आचार्य श्री रामलालजी म.सा. को देखो, इनकी साधना को देखो।

राष्ट्रीय अध्यक्षजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य भगवन् से हमने जयनगर में अक्षय तृतीया तक विराजने की बहुत विनती की, किन्तु आपश्रीजी ने हमें श्रद्धेय उपाध्याय प्रवर एवं श्रद्धेय श्री विनयमुनिजी म.सा. का सान्निध्य प्रदान किया। जयनगर संघ हमेशा आपका आभारी रहेगा। इन तपस्वी आत्माओं के कारण आज हम सबको आपश्रीजी के दर्शनों का लाभ प्राप्त हुआ है। धन्य हैं ये वर्षीतप करने वाली आत्माएँ, जो एक दिन छोड़कर एक दिन उपवास कर अपने जीवन को साधना के पथ पर अग्रसर कर रही हैं। हमें भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। अशोकजी जैन व नेगड़िया के ग्रामीणों ने अच्छी सेवा-भक्ति का परिचय दिया। विभिन्न त्याग-प्रत्याख्यान हुए।

बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेशमुनिजी म.सा. एवं श्री विनयमुनिजी म.सा. आदि के पावन सान्निध्य में अक्षय तृतीया महोत्सव धर्मनगरी जयनगर में अत्यन्त उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। श्री साधुमार्गी जैन संघ-जयनगर के सुश्रावकों, राष्ट्रीय अध्यक्षजी एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्रीजी आदि की सेवाएँ सराहनीय रही। मेवाड़ एवं मालवा संघ व समता युवा संघ का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

04 मई, रघुनाथपुरा (भीलवाड़ा)। विश्ववंदनीय परमप्रतापी आचार्य भगवन् का रघुनाथपुरा में जय-जयकारों के साथ मंगलमय पदार्पण हुआ। जैन स्थानक भवन में धर्म परिषद् को सम्बोधित करते हुए आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्य देशना में फरमाया कि ''*हमें अक्षय सुख, विनाशी सुख एवं विनाशशील सुख की पहचान करनी है। जिस सुख के बाद और सुख की मांग रही हो वह विनाशी सुख है, क्योंकि वह तृप्ति नहीं दे रहा है और जिस सुख के बाद कोई आकांक्षा, चाह, अभिलाषा नहीं रहे, कुछ प्राप्त करने की चाह नहीं रहे, वह सुख अक्षय सुख है। अभी हमें तृप्ति हुई नहीं है। इन्द्रियाँ जिसमें सन्तुष्ट होती हैं वह साश सुख विनाश को प्राप्त करने वाला है। हमारी दिनचर्या एवं मन को को सही करने का प्रयास करें। हमाश मन व्यवस्थित होगा तो कोई भी काम भारी नहीं लगेगा। कठिनाइयों, परेशानियों से हम कभी घबराएँ नहीं।*''

श्री लाघवमुनिजी म.सा. ने अपने प्रेरक उद्बोधन में फरमाया कि अच्छा परिणाम नहीं मिलता तो व्यक्ति हताश हो जाता है। यह मानव जन्म विरक्त बनने के लिए मिला है। हमें विरक्ति की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। अर्थ सहित की गई साधना जीवन को सार्थक करती है। सामायिक में हर दिन नया ज्ञान बढ़ाना चाहिए। महापुरुषों के सान्निध्य में विभिन्न त्याग-पच्चक्खाण हुए। दोपहर में ज्ञानचर्चा, प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम हुए। बाहर के श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

05 मई, मरेवड़ा (भीलवाड़ा)। प्रशान्तमना आचार्य भगवन् का स्थानीय स्कूल में मंगल पदार्पण हुआ। शिक्षकों व अन्य श्रद्धालुओं ने ज्ञानचर्चा, प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का सुन्दर समाधान प्राप्त किया। दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा। गंगापुर, करेड़ा, भीलवाड़ा आदि अनेक छोटे-बड़े क्षेत्रों ने अपनी विनतियाँ श्रीचरणों में प्रस्तुत की।

आमदला में श्री लाघवमुनिजी म.सा. ने जैन स्थानक में अपने उद्बोधन में फरमाया कि अर्थ सहित ज्ञान से की गई सामायिक पूर्णता को प्राप्त होती है। यतनापूर्वक की गई क्रिया सार्थक व सफल होती है। क्रियाओं के पीछे भूमिका के रूप में जो भाव जुड़े रहेंगे उन भावों सहित धर्म किया जाए। विभिन्न शुभ संकल्प हुए। रात्रि में श्रद्धालुओं ने ज्ञानचर्चा का लाभ लिया।

06 मई, आमदला (भीलवाड़ा)। शास्त्रज्ञ, तरुण तपस्वी आचार्य भगवन् का अपनी शिष्य सम्पदा सहित जय-जयकारों के साथ आमदला में मंगल पदार्पण हुआ। जैन स्थानक भवन में ज्ञानचर्चा, प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम हुए। राष्ट्रीय अध्यक्षजी, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्रीजी सहित अनेक स्थानों के लोगों ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लिया। आमदला संघ की सेवाएँ सराहनीय रही।

07 मई, राजाजी का करेड़ा। स्थानीय जैन स्थानक भवन में अलौकिक महापुरुष आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि ''*तुम्हारा मित्र तुम ही हो। तुम्हारा कर्त्ता-विकर्त्ता कोई दूसरा नहीं हो सकता। यदि तुम्हें दुःख मिलता है तो किससे मिल रहा है? वह भी तुम्हारा ही बोया हुआ बीज है। यदि तुम्हें सुख मिल रहा है तो वह भी तुम्हारा ही बोया हुआ बीज है। तुमने जो बोया है वो ही तुम्हें मिल रहा है। धर्म यही समझाता है कि जीवन में सत्य को जानो। न तो कोई कुछ देने वाला है और न ही कोई कुछ लेने वाला है। यदि हमने शुभ कर्म, पुण्य कर्म किए हैं तो साता वेदनीय का उदय होगा और किसी को पीड़ित, दुःखी किया है तो असाता वेदनीय कर्म उदय में आएँगे। अच्छे कार्य जीवन में करते रहने चाहिए।*''

श्री आदर्शमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि जैसी हमारी आत्मा है वैसी ही सभी जीवों की आत्माएँ हैं। सभी जीवों के प्रति वात्सल्य भाव रखना चाहिए। स्थानीय गुरुभक्तों ने आचार्य भगवन् के आगमन को परम सौभाग्य बताते हुए अधिक से अधिक विराजने की विनती की। सभी सम्प्रदाय के लोगों ने त्यागी-महापुरुषों के सान्निध्य का पूर्ण लाभ लिया। विभिन्न त्याग-प्रत्याख्यान हुए। दोपहर में आगम वांचनी, ज्ञानचर्चा, प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम हुए।

08 मई, राजाजी का करेड़ा। जैन स्थानक भवन में प्रातःकालीन मंगल बेला में समता रविवारीय शाखा श्री मनीषमुनिजी म.सा. के सान्निध्य में हुई। धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए परमागम रहस्यज्ञाता आचार्य भगवन् ने अपनी पियूषवर्षिणी वाणी में फरमाया कि ''*जो परमात्मा का रूप है, वही मेरा रूप है। सिर्फ कर्मों का ही भेद है। उसमें से मोह को हटाना है। जहाँ-जहाँ दोष हैं उन्हें दूर करना है। आत्मा अजर-अमर है, शरीर नाशवान है। मेरा कुछ भी नहीं है। शरीर भी मेरा नहीं है। जो निर्भय होता है उसे परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त होता है।*''

श्री आदर्शमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि हमें लोगों की बुराई नहीं अच्छाई व गुणों को देखना है। लोग बदलें, ना बदलें, हमें स्वयं को बदलना है, स्वयं की सोच को बदलना है। अनेक भाई-बहिनों ने वर्ष में 12 एकासन, 12 आयम्बिल, 12 उपवास, 12 पौरसी करने का संकल्प लिया। राजाजी का करेड़ा संघ की सेवा-भक्ति अत्यन्त सराहनीय रही।

रात्रिभोजन त्याग
वर्ष में 48 उपवास
जमीकन्द त्याग
आयम्बिल का मासखमण

प्रवीणजी टुकलिया, सुन्दरलालजी रांका, जौहरीलालजी बनवट
अरिहन्तजी टुकलिया
अभिनवजी चौरड़िया
प्रवीणजी टुकलिया-मुम्बई

09 मई, गाडरी खेड़ा। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में परमप्रतापी आचार्य भगवन् का जय-जयकारों

के साथ मंगल पदार्पण हुआ। ''**राम गुरु का यह सन्देश, व्यसनमुक्त हो सारा देश**'' कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यसनमुक्ति एवं सस्कार जागरण कार्यक्रम स्कूल में सम्पन्न हुआ। अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने सुसंकल्प लिए। गुणशील आयाम से भी कई लोग जुड़े।

शासन दीपक श्री इभ्यमुनिजी म.सा. एवं श्री मयंकमुनिजी म.सा. ने समता भवन-रायपुर में पधारकर धर्मप्रेमी जनता को धर्मलाभ प्रदान किया।

10 मई, रायपुर। मेवाड़ की पुण्य धर्मनगरी रायपुर में मानवता के मसीहा आचार्य भगवन् का शिष्य मण्डली के साथ ''**महावीर का दिव्य सन्देश जीओ और जीने दो**'', ''**संयम इनका सख्त है तभी तो लाखों भक्त हैं**'', ''**जय-जयकार जय-जयकार राम गुरु की जय-जयकार**'' आदि गगनभेदी जयघोषों के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। सभी जैन-जैनेत्तर जाति, वर्ग, सम्प्रदाय के धर्मप्रेमी भाई-बहिनों ने अगवानी की।

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए साधना के शिखर पुरुष आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्य वाणी में फरमाया कि ''*धर्म की आराधना से चित्त को समाधि और मन को शान्ति मिलती है। दुर्लभ मनुष्य जन्म की प्राप्ति के बाद हमें यह समय व्यर्थ नहीं गंवाना है। मनुष्य जन्म ऐसा चौराहा है जहाँ से हम कहीं पर भी जा सकते हैं। मोह को हटाने से मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। मोक्ष के लिए साधना करनी पड़ेगी। शरीर से ममत्व हटाना होगा। एक संकल्प से जीवन में क्रान्तिकारी परिवर्तन आ सकता है। मोह अज्ञान नींद से जब जागरण होगा तब सत्य की पहचान होगी। पुस्तकें ज्ञान का गोदाम हैं, पर इनका उपयोग कितना किया, चिन्तन करें। ज्ञान को जीवन में उतार लिया जाता है तो कल्याण निश्चित है। स्वाध्याय में समय का अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए। फक्कड़ साध्वी श्री ताराकँवरजी म.सा. के संथारापूर्वक महाप्रयाण पश्चात् जावरा में शासन दीपिका साध्वी श्री विनयश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 का गुरुचरणों में पधारने पर आचार्यदेव ने फरमाया कि ''महाभाग्यवान महासती श्री ताराकँवरजी म.सा का जीवन फक्कड़ जीवन था। ना काहूं से दोस्ती, ना काहूं से बैर। ना कोई अपना, ना कोई पराया। उनके मन में किसी के प्रति कोई भेदभाव नहीं था।*''

श्री आदर्शमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि कथनी-करनी में एकरूपता नहीं होने के कारण आज हम दु:खी हैं। आज व्यक्ति धन, पद, प्रतिष्ठा के लिए बेतहाशा दौड़ लगा रहा है। संतोष और तृप्ति में ही सच्चा सुख और आनन्द है।

शासन दीपिका साध्वी श्री विनयश्रीजी म.सा. ने ''**संघ के सरताज पधारे हैं, भक्तों के भगवान पधारे हैं**'' गुरुभक्ति गीतिका प्रस्तुत की। संघ मंत्रीजी ने कहा कि 19 वर्षों के बाद आराध्यदेव का आगमन हुआ है। आचार्यदेव के चरणों में विनती है कि अधिकाधिक विराजकर धर्मलाभ प्रदान करावें। श्रमण संघ के मंत्री गणपतलालजी डांगी ने कहा कि आज यहाँ चतुर्विध संघ का ठाठ हमारी पुण्यवानी के उदय से देखने को मिल रहा है। आचार्य भगवन् के पधारने से मेवाड़ क्षेत्र की धरती पावन हो गई है। पूर्व सरपंच श्रीमती पुष्पाजी सुखलेचा ने कहा कि संयम साधना के शिखर पुरुष के पावन दर्शन से रायपुर की जनता धन्य-धन्य हो गई। महेश नाहटा ने आचार्यदेव के दिव्य गुणों से प्रेरणा लेने का निवेदन किया।

आजीवन शीलव्रत	मोहनलालजी भंवरीदेवी शर्मा-बोराणा
100 चौविहार	शान्ताबाई भड़कत्या

15 मिनिट स्वाध्याय करने का संकल्प अनेक भाई-बहिनों ने लिया। साहित्यकार डॉ. सत्यनारायण सत्य,

सरपंच रामेश्वरलालजी छींपा, श्रमण संघ के नवरतनमलजी बम्ब, माणकजी सिसोदिया, तेरापंथ संघ प्रमुख सहित कई लोगों ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लिया। दोपहर में बच्चों का संस्कार शिविर आयोजित किया गया। श्री आदर्शमुनिजी म.सा., श्री लाघवमुनिजी म.सा., श्री मयंकमुनिजी म.सा., श्री गुणीशमुनिजी म.सा. ने धर्म जागरणा के थोकड़े, कर्म का स्वरूप व धोवन पानी के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। शासन दीपिका साध्वी श्री विनयश्रीजी म.सा. के सान्निध्य में नवकार महामंत्र का जाप प्रतिक्रमण के बाद बोरदिया परिवार की ओर से आयोजित किया गया।

11 मई, रायपुर। प्रात:कालीन मंगल बेला में मंगलमय प्रार्थना श्री लाघवमुनिजी म.सा. ने करवाई। धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए युगपुरुष आचार्यदेव ने अपनी मधुर वाणी में फरमाया कि ''***धन, परिवार ये सब बाह्य संयोग हैं। क्रोध, मान, माया, लोभ, आसक्ति ये सब भाव संयोग हैं। इन सबका त्याग करना ही धर्म है। धर्म कार्य से राग-द्वेष को जीतने वाले बनें। धर्म से मोह को जीता जा सकता है। शरीर चलाने के लिए भोजन करना है, न कि स्वाद के लिए। इन्द्रिय विजेता, मनो विजेता बनें। इन्द्रियों पर रोक से मन शान्त होता है। इच्छाओं को सीमित करने से मन नियंत्रित हो जाएगा। जो प्राप्त है उनमें आनन्द मनाएँ। समय से पहले और भाग्य से ज्यादा कुछ मिलने वाला नहीं है। मैं बड़ा, मैं बड़ा नहीं करना चाहिए। जो दूसरे को बड़ा माने वह बड़ा है। किसी को हीन न समझें।***''

श्री मयंकमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि विषय, कषाय जीवन को पतन की ओर ले जाते हैं। भौतिक सुख सच्चा सुख नहीं है। अध्यात्म में, संयम में सच्चा सुख है।

शासन दीपिका साध्वी श्री विनयश्रीजी म.सा. आदि ठाणा ने ''**धन्य है जिनवाणी गुरुवर, धन्य है जिनवाणी**'' भजन प्रस्तुत किया। कई भाई-बहिनों ने गाँव में रहते हुए दिन में एक बार समता भवन में आने का संकल्प लिया।

जमीकन्द त्याग	मीनाक्षीजी डांगी
होटल का त्याग	अनिताजी बडोला
टी.वी. का त्याग	निर्मलाजी जैन
मैकअप एवं कोल्डड्रिंक का त्याग	कुसुमजी कोचर-अशोकनगर

बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेशमुनिजी म.सा. आदि ठाणा-4 का चिलेश्वर से रायपुर में जय-जयकार के साथ मंगल पदार्पण हुआ। रायपुरवासी हर्षित एवं पुलकित हो गए। दोपहर में मेवाड़ के बच्चों के शिविर में श्री आदर्शमुनिजी म.सा. ने जीवन जीने की कला बताई। श्री लाघवमुनिजी म.सा. ने शुद्ध भिक्षाचर्या एवं तत्त्वज्ञान की जानकारी दी। महापुरुषों के सान्निध्य में ज्ञानचर्चा आदि कार्यक्रम हुए। स्कूलों में व्यसनमुक्ति एवं संस्कार जागरण के कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

आचार्य भगवन् एवं उपाध्याय प्रवर के पावन दर्शन हेतु प्रकाण्ड विद्वान् पण्डित गोपाललालजी त्रिवेदी ''शास्त्री'' व राधेश्यामजी काबरा आदि उपस्थित हुए। श्री साधुमार्गी जैन संघ एवं सकल जैन संघ तथा ग्रामवासियों की धर्म एवं सेवाभावना सराहनीय रही।

12 मई, नांदशा जागीर (भीलवाड़ा)। रायपुर से 8 किमी. का विहार कर जय-जयकारों के साथ नांदशा जागीर में आचार्यदेव आदि संतवृन्द का मंगलमय प्रवेश हुआ। धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए श्री आदर्शमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि कमी बाहर नहीं हमारी सोच में है। आज व्यक्ति हजारपति से लखपति, करोड़पति, अरबपति बनने के लिए दिन-रात उधेड़बुन में लगा रहता है, लेकिन धर्म के क्षेत्र में हम कितनी प्रगति

कर पाए हैं। क्रोध, मान, माया, लोभ, राग-द्वेष, ईर्ष्या, विषय-वासना को कितना घटाकर क्षमा, नम्रता, सरलता, सन्तोष को जीवन में कितना आगे बढ़ाया है, आत्मचिन्तन करें। हमें दूसरों को नहीं, स्वयं को देखना है। हमें हमारी दृष्टि को बदलना है। अपनी आत्मा की ओर देखना है।

आजीवन शीलव्रत	पारसजी कोठारी, जेठमलजी-कमलादेवी हिरण
आजीवन टी.वी., मोबाइल का त्याग	मोहनलालजी सुथार-मानपुरा
जमीकन्द त्याग	प्रीतिजी चौपड़ा, वर्षाजी चौपड़ा-खैरागढ़

घर में रहते हुए एक गिलास धोवन पानी पीने का प्रत्याख्यान कई लोगों ने लिया। दोपहर में ज्ञानचर्चा आदि कार्यक्रम हुए। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ-नांदशा जागीर की सेवाएँ सराहनीय रही।

13 मई, कोशीथल। प्रेम सज्जन साधना संस्थान में आचार्य भगवन् का जय-जयकारों के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए परमप्रतापी आचार्य भगवन् ने अपनी अमृतदेशना में फरमाया कि ''***धर्म की आराधना से हृदय प्रसन्न हो जाता है। प्रसन्नता के लिए आत्म-संयम जरूरी है। अहिंसा अस्तित्व का बोध है। लाखों वर्षों तक जीऊँ या मृत्यु आज ही आ जाए, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। आत्मा शाश्वत है, अजर-अमर है। हमारा शरीर के साथ ममत्व रहता है, जिस कारण हम दुःखी रहते हैं। तू ही अपना शत्रु व मित्र है, दूसरा कोई तुम्हारा कुछ भी नहीं कर सकता। हम जैसा बीज बोते हैं, वैसा ही फल मिलता है। ''मैं किसी के साथ बुरा बर्ताव नहीं करूँगा, मैं सभी के साथ मैत्रीपूर्वक अच्छा व्यवहार करूँगा'' ऐसा निश्चय करें।***''

श्री आदर्शमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि भौतिक सुखों के पीछे जो हमारी दौड़ चल रही है उसका कोई अन्त नहीं है। उसकी तृप्ति और सन्तोष में ही सच्चा सुख निहीत है। साध्वी श्री सुऋद्धिश्रीजी म.सा. ने फरमाया कि सद्गुरु अज्ञान-अंधकार दूर कर ज्ञान का प्रकाश प्रदान करते हैं। इससे विनय, विवेक आदि सद्गुणों का विकास होता है। स्थानीय गुरुभक्तों ने कहा कि आज वर्षों बाद तारण-तिरण के जहाज पधारे हैं। हम सभी अधिकाधिक लाभ उठावें। महिला मंडल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

शासन दीपिका साध्वी श्री विनयश्रीजी म.सा. आदि साध्वीवृन्द ने ''**आओ राम गुरु दरबार अमृत बरस रहा**'' भजन प्रस्तुत कर सम्पूर्ण वातावरण को राममय बना दिया।

आजीवन क्रोध करने का त्याग	मनोजजी संचेती-बेलगाँव
आजीवन हरी घास पर नहीं चलने का संकल्प	सुनीताजी संचेती-बेलगाँव
आजीवन टी.वी., मोबाइल का त्याग	सोहनलालजी कोठारी
होटल का त्याग	लक्ष्मीलालजी बोरदिया-चित्तौड़गढ़
मोबाइल का त्याग	मदनलालजी मेहता
वर्ष में 100 दिन बड़े स्नान का त्याग	सुरेशजी कोठारी-कोशीथल

कई भाई-बहिनों ने गाड़ी चलाते समय एवं भोजन करते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, प्रतिदिन 15 मिनट सत्साहित्य पढ़ने का संकल्प लिया।

14 मई, देवरिया। श्रद्धा, भक्ति और आस्था की नगरी देवरिया में युगपुरुष आचार्य श्री रामेश आदि ठाणा-4 का भव्य मंगल प्रवेश अयोध्या में श्रीराम के प्रवेश जैसा प्रतीत हो रहा था। जैन-जैनेत्तर श्रद्धालु जनता

लगभग 1 किमी. पूर्व आकर अगवानी के लिए उपस्थित हुई। मार्ग में मानपुरा में मोहनलालजी सुथार एवं ग्रामीणों की विनती पर कृपा करके आचार्य भगवन् वहाँ पधारे। श्री मयंकमुनिजी म.सा. ने प्रार्थना करवाई। मंगलपाठ पश्चात् देवरिया गौतम भवन की तरफ चारित्रात्माओं के कदम बढ़े। सम्पूर्ण मार्ग में श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा। विहार मार्ग में ''**महावीर का क्या सन्देश, जीओ और जीने दो**'', ''**संयम इनका सख्त है तभी तो लाखों भक्त हैं**'' आदि अनेक नारों एवं जयघोषों से माहौल गुँजायमान रहा।

बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेशमुनिजी म.सा. आदि ठाणा-6 का एक दिन पूर्व जय-जयकारों के साथ धर्मनगरी देवरिया में पावन पदार्पण हुआ।

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए सिरीवाल प्रतिबोधक आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि ''*अनादिकाल से हमारी आत्मा क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष से ग्रसित है। इसके लिए हमें आचार्य श्री नानेश द्वारा प्ररूपित क्रोध-समीक्षण, मान-समीक्षण, माया-समीक्षण, लोभ-समीक्षण द्वारा आत्म-निरीक्षण करना चाहिए। आकांक्षा, अपेक्षा, इच्छा पर नियंत्रण जरूरी है। ''और'' का कोई छोर नहीं है। संतोष वृत्ति ही हमें सुख और शांति दे सकती है। शालिभद्र के पास अपार धन-सम्पदा होते हुए भी उस पर उनकी आसक्ति या ममत्व नहीं था, लेकिन आज हमारे पास थोड़ी-सी सम्पत्ति होने पर भी हम उस पर आसक्त बन जाते हैं। यही आसक्ति हमें अशान्त बना देती है। आज धर्म की जगह धन के प्रति रुचि बनी हुई है।'' आचार्य भगवन् के इन प्रेरक वचनों से प्रेरित होकर सुरेशकुमारजी बोरदिया ने तुरन्त खड़े होकर एक मर्यादा के उपरान्त सम्पत्ति रखने का त्याग कर दिया।*

श्री शोभनमुनिजी म.सा. ने अपने प्रेरक उद्बोधन में ''**गुरुवर पधारो हृदय में विराजो**'' गीतिका प्रस्तुत करते हुए फरमाया कि संसार में मेरा कोई नहीं है। सबको यहाँ से एक दिन जाना है। इस जीवन में कर्मबन्धन का नहीं, कर्म तोड़ने का कार्य करना है। शुभ कार्य में कभी देरी नहीं करनी चाहिए।

शासन दीपिका साध्वी श्री विनयश्रीजी म.सा. एवं श्री अनाकारश्रीजी म.सा. आदि साध्वीवर्याओं ने ''**धन्य है जिनवाणी गुरुवर, धन्य है जिनवाणी**'' गीतिका प्रस्तुत की। स्थानीय श्रावकों ने त्यागी-महापुरुषों के पदार्पण को अनन्त पुण्यवानी का उदय बताते हुए अधिकाधिक विराजने की विनती गुरुचरणों में की। कोठारी एवं नवलखा परिवार की बहिनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

आजीवन शीलव्रत	गौतमजी सूर्या
रात्रिभोजन त्याग	सुरेशजी, मंजूजी पिछोलिया-हंसूर
100 पक्की नवकारसी	मोनिकाजी सेठिया-भीलवाड़ा
वर्ष में 100 दिन बड़े स्नान का त्याग	सुनीताजी सेठिया-भीलवाड़ा
20 द्रव्य	छीतरमलजी सूर्या-देवरिया
50 पक्की नवकारसी	कुसुमजी सूर्या
50 बियासना	सरोजजी सूर्या
माह में 1 दिन मोबाइल का त्याग	सुरेशजी बोरदिया-देवरिया, आकाशजी बाफना-अहिवारा, जस्सूबाई बाफना
70 वर्ष की आयु पश्चात् व्यापार से पूर्ण निवृत्ति का संकल्प	लक्ष्मीलालजी सूर्या, बंशीलालजी सूर्या, सुरेशजी बोरदिया, अनिलजी सूर्या, सुरेशजी सोहनलालजी बोरदिया

12 एकासन, 12 उपवास, 12 पौरसी का व्रत एवं भोजन करते समय किसी भी द्रव्य की मांग नहीं करने का

नियम कई भाई-बहिनों ने लिया। महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्षाजी, मंत्रीजी आदि ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लिया।

प्रवचन पश्चात् बच्चों के आरोहणा शिविर में उपाध्याय प्रवर एवं संत-सतियाँजी द्वारा धर्म, तत्त्वज्ञान का गहराई से बोध कराया गया। आचार्य भगवन् के सान्निध्य में अच्छी संख्या में जिज्ञासुओं ने लाभ लिया। रात्रि में भी ज्ञानचर्चा में कई भाइयों ने भाग लिया। देवरिया संघ की धर्मनिष्ठा एवं गुरुभक्ति अत्यन्त प्रशंसनीय रही।

15 मई, देवरिया। प्रात:कालीन समता रविवारीय शाखा में सामूहिक आराधना श्री मनीषमुनिजी म.सा. ने करवाई। धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए जन-जन की आस्था के केन्द्र आचार्य भगवन् ने अपनी अमृतमय वाणी में फरमाया कि ''***कोई प्रशंसा करे तो खुश नहीं होना और कोई निन्दा करे तो रुष्ट नहीं होना। धर्म पर हमारी श्रद्धा अटूट और अडिग होनी चाहिए। अरणक श्रावक की तरह हमें धर्म पर दृढ़ रहना चाहिए। मेरा कोई नहीं है। मैं सबसे अलग हूँ। हमें तटस्थ जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए।***''

श्री शोभनमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि जैन धर्म सच्चा है, पर हमारा जीवन सच्चाई युक्त है या नहीं, आत्मचिन्तन करें।

शासन दीपिका साध्वी श्री विनयश्रीजी म.सा., साध्वी श्री अनाकारश्रीजी म.सा. ने गुरुभक्ति गीत का संगान किया। स्थानीय गुरुभक्तों ने आचार्य भगवन् से अधिकाधिक समय देवरिया विराजने की एवं वर्ष 2023 का वर्षावास देवरिया संघ को प्रदान करने की विनती प्रस्तुत की।

आजीवन शीलव्रत	गणपतजी-लाडदेवी सूर्या
50 पक्की नवकारसी	ज्योतिजी सिसोदिया, निर्मलाजी पिछोलिया, कुमकुमजी रांका
100 बियासना	दिलखुशजी लोढ़ा
माह में चार दिन मोबाइल का त्याग	पुष्पाजी मूलावत-भीलवाड़ा
माह में एक दिन मोबाइल का त्याग	उत्सवजी सूर्या, नेमीचन्दजी सूर्या, मनोहरजी सूर्या
50 पौरसी	इन्द्राजी देसरड़ा-भीलवाड़ा
वर्ष में 12 आयंबिल	बंशीलालजी सूर्या, इन्द्राजी भड़कत्या
वर्षीतप प्रत्याख्यान	अर्चनाजी कांठेड़-जावरा

माह में चार आयंबिल एवं अन्य पच्चक्खाण आदि त्याग-प्रत्याख्यान मोहनजी सुथार सहित कईयों ने लिए।

माह में 4 पक्की नवकारसी का नियम कई लोगों ने लिया। 20 वर्ष तक के बच्चों के लिए त्रिदिवसीय आरोहणा शिविर एवं 20 से 45 तथा 45 से अधिक आयु वालों के लिए आध्यात्मिक ज्ञान शिविर आयोजित किया गया। दोपहर में महापुरुषों के पावन सान्निध्य में ज्ञानचर्चा, आगम वाचनी, प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम हुए। मेवाड़ के अनेक क्षेत्रों के श्रद्धालु अपने-अपने क्षेत्र में आचार्य भगवन् के मंगल पदार्पण के लिए बेहद आतुरता से पलक-पावड़े बिछाए हुए हैं।

1 से 15 मई के बीच सारोठ, ब्यावर, भीम, प्रतापगढ़, हैदराबाद, चैन्नई, रायपुर, जयनगर, देवगढ़, भीलवाड़ा, देवरिया, उदयपुर, अहमदाबाद, किशनगढ़, मुम्बई, कांकरोली, आमदला, जावद, बैंगलोर, चिलेश्वर, श्रीगंगानगर, उल्हाई, रतलाम, गंगापुर, खेमाणा, कोशीथल, चित्तौड़गढ़, भगवानपुरा, करेड़ा, लस्साणी, नाथद्वारा, खैरागढ़, कुसुमकसा, अर्जुन्दा, जोधपुर, कोयम्बटूर, दिल्ली, बीकानेर, कोलकाता, डोण्डीलोहारा, सूरत, अक्कलकुआँ, आमेट, बेलगाँव, आमली, नांदशा, दुर्ग, अंटाली, राजाजी का करेड़ा, सहाड़ा, सालोर, उल्हाई, भोपालसागर, जावरा आदि अनेक स्थानों के श्रद्धालुओं ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लिया।

-महेश नाहटा

बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेशमुनिजी म.सा. के पावन सान्निध्य में जयनगर में अक्षय तृतीया महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सानन्द सम्पन्न

03 मई, जयनगर। रत्नत्रय के महान आराधक, परमागम रहस्यज्ञाता, परम पूज्य श्रीमद् जैनाचार्य 1008 श्री रामलालजी म.सा. की महती कृपा से बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेशमुनिजी म.सा. एवं श्रद्धेय श्री विनयमुनिजी म.सा. आदि ठाणा के पावन सान्निध्य में अक्षय तृतीया महोत्सव श्री साधुमार्गी जैन संघ-जयनगर की धरा पर आध्यात्मिक आनन्द, हर्षोल्लास के साथ सानन्द सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव की विशिष्टतम झलकियाँ इस प्रकार हैं-

1. बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर एवं श्रद्धेय श्री विनयमुनिजी म.सा. आदि ठाणा का पावन सान्निध्य इस समारोह में प्राप्त हुआ।
2. भगवान ऋषभदेव द्वारा अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर की गई पारणों की वाचनी श्रद्धेय श्री विनयमुनिजी म.सा. के मुखारविन्द से 3 दिन तक धारावाहिक रूप में, सारगर्भित, मन को मोहने वाली वाणी के रूप में प्रस्तुत की गई।
3. अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर लगभग 40 वर्षीतप आराधकों एवं उनके परिजनों का छोटे-से गाँव जयनगर में पधारना हुआ। आस-पास के क्षेत्र एवं देशभर से लगभग 2,500 गुरुभक्तों की उपस्थिति से श्री साधुमार्गी जैन संघ-जयनगर केसरिया-केसरिया हो गया।
4. नदी के किनारे, वटवृक्ष के पास सगस वाटिका में प्रचवन स्थल पर श्रद्धेय श्री विनयमुनिजी म.सा. ने भगवान ऋषभदेव का पारणा करने का प्रसंग सुनाकर हजारों की जनमेदिनी को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात् उपाध्याय प्रवर का समता भवन-जयनगर से जयनादों की गूँज के साथ पधारना हुआ। आपश्री ने श्री मधुरमुनिजी म.सा. को प्रवचन के लिए फरमाया। श्री मधुरमुनिजी म.सा. ने वर्तमान जीवनशैली में युवक-युवतियों के पहनावे के सम्बन्ध में सारगर्भित सन्देश देकर जैन समाज को इस विकृति को रोकने का आह्वान किया। तत्पश्चात् बहुश्रुत, वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर की अमृतमय देशना प्रारम्भ हुई, जिसमें उन्होंने फरमाया-

   एक प्रश्न है- ''तपस्या से प्रेम है या गन्ने के रस से?'' यह बड़ा गम्भीर प्रश्न है।

भगवान ऋषभदेव प्रतिदिन पारणे के लिए निकलते थे, परन्तु प्रासुक आहार नहीं मिलने पर भी मन में कोई खिन्नता नहीं, कोई दीनता नहीं, वो भी लगातार 365 दिन। इससे बड़ा क्या चमत्कार हो सकता है? जैसे भाव तपस्या में हैं वैसे ही भाव पारणे में हैं, यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उपवास करना सरल है, परन्तु पारणे में मन के अनुकूल खाने की चीजें नहीं हो तो क्या परिणाम आते हैं, यह हमारे अवलोकन का विषय है। संसार के सुख तो तुच्छ हैं। भौतिक पदार्थों के शब्द, रूप, रस, गंध, स्पर्श में उलझना नहीं। तपस्या के माध्यम से हमारे मन को समभाव में रखने का प्रयास करें। हमारी इच्छा हमारे मन के अनुकूल हो या हमारे मन के प्रतिकूल हो, उसमें समभाव रखना ही तपस्या का लक्ष्य रखना है।

आज के इस पावन अवसर पर हम सभी लाभ और हानि में समभाव रखने का प्रयास करें तो हमारा जीवन

कल्याण मार्ग की ओर अग्रसर हो जाएगा।

उपाध्याय प्रवर ने पहले 40 तप आराधकों को मंगलपाठ फरमाया एवं पश्चात् हजारों की जनमेदिनी को दैनिक प्रत्याख्यान के साथ मंगलपाठ श्रवण करवाया। उपाध्याय प्रवर के श्रीमुख से पारसमलजी-कंचनजी रांका, एरागडा (हैदराबाद) ने आजीवन शीलव्रत के प्रत्याख्यान किए। इस बीच श्री साधुमार्गी जैन संघ-जयनगर के मंत्री शान्तिलालजी रांका ने अपने भाव रखे तथा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संघ के राष्ट्रीय अध्यक्षजी ने अपने भाव रखे।

5. प्रवचन के पश्चात् सभी वर्षीतप आराधकों, परिजनों एवं दर्शनार्थियों (लगभग 1000 गुरुभक्तों) ने आचार्य भगवन् के दर्शन-वंदन एवं सान्निध्य हेतु लगभग 22 किमी. दूरी पर स्थित नेगड़िया ग्राम की ओर प्रस्थान किया।

वर्षी तप आराधकों, उनके परिजनों एवं गुरुभक्तों को परम पूज्य आचार्य भगवन् का मंगल सान्निध्य

6. नेगड़िया ग्राम के उच्च माध्यमिक स्कूल के प्रांगण में विराजित परम श्रद्धेय आचार्य भगवन् के दर्शन, वंदन का पावन प्रसंग प्राप्त हुआ। आचार्य भगवन् ने आगत भक्तों के उल्लास एवं दर्शन पिपासा को प्रवचन के माध्यम से द्विगुणित कर दिया। आपश्रीजी ने अपनी अमृतमय देशना के माध्यम से अक्षय तृतीया के पावन प्रसंग पर जीवन में आचरित करने के लिए दो महत्त्वपूर्ण सूत्र प्रदान कर प्रेरित किया-

(i) एक बुराई कम करें तो अनेक अच्छाइयाँ आ जाएंगी। बुरा देखना, बुरा करना बन्द कर देवें। शास्त्रों से अच्छी बातें सीखें। हर समय दूसरों की बुराई करने एवं देखने के लिए मुँह व आँखें नहीं मिली हैं। मुँह मिला है भगवान का भजन करने के लिए, दूसरों की बुराई नहीं बोलें और आँखें मिली हैं दूसरों की अच्छाई देखने के लिए, हमें किसी के अन्दर बुराई नहीं देखनी है। हजारों की जनमेदिनी ने प्रयोग के रूप में इस प्रथम सूत्र का एक सप्ताह के लिए प्रत्याख्यान ग्रहण किया।

(ii) साधु जीवन को सुरक्षित रखने के लिए सुपात्रदान एवं शुद्ध दान देने का भाव रखें। हम सुपात्रदान देंगे, शुद्ध दान देंगे तो ही लाभकारी होगा। अशुद्ध एवं झूठ बोलकर दान देने से फायदा नहीं होगा। आपश्रीजी ने श्रेयांसकुमार का उदाहरण देते हुए फरमाया कि श्रेयांसकुमार के रसोड़े में बहुत-सी वस्तुएँ थीं, लेकिन वे सब प्रासुक नहीं थी। अत: श्रेयांसकुमार ने झूठ बोलकर अशुद्ध वस्तु तीर्थंकर देव को नहीं बहराई। जब उन्हें ध्यान में आया कि इक्षुरस के घड़े भरे पड़े हैं और वे पूर्ण प्रासुक हैं तो भगवान को पूर्ण शुभ भावों से प्रासुक इक्षुरस का दान देकर सुपात्रदान की महिमा द्विगुणित कर दी।

आचार्य भगवन् की अमृत देशना से पूर्व श्री आदर्शमुनिजी म.सा. ने अपने भावों में गुरुभक्ति गीत की कड़ियाँ गुँजायमान कर सभी को आनन्दित कर दिया। जंगल में मंगल का वातावरण छा गया।

7. गाँव नेगड़िया के सुश्रावक अशोकजी मेड़तवाल (जैन परिवार) सभी पधारने वालों का आतिथ्य सत्कार कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। श्री मेड़तवालजी ने स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हुए कहा कि हमारे आँगन में महाप्रतापी प्रशान्तमना आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलालजी म.सा. का आगमन हुआ है और दर्शन-वंदन, प्रवचन श्रवण का लाभ हमें मिला है। ऐसी अपूर्व भक्ति मेड़तवाल परिवार में देखने को मिली। ज्ञातव्य है कि नेगड़िया में एक ही जैन परिवार है।

8. मांगलिक श्रवण करने के पश्चात् तप आराधकों एवं परिजनों के काफिले ने पुन: जयनगर की ओर प्रस्थान किया। लगभग 1 बजे से तप आराधकों के पारणा कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। श्री साधुमार्गी जैन संघ-जयनगर, मेवाड़ अंचल के युवाओं, तपस्वियों के परिजनों एवं अन्य अनेक श्रद्धालुओं की ओर से पारणा करने वाले तपस्वियों का अभिनन्दन किया गया।
9. आचार्य भगवन् के पधारने से श्री साधुमार्गी जैन संघ-जयनगर की सीमा भी 25 किमी. तक हो गई। जयनगर गाँव के साथ में 1 किमी. की दूरी पर नए और पुराने शंभूगढ़ के भी जनमानस ने आचार्यश्री के प्रति श्रद्धाभाव से ओत-प्रोत होकर तीनों संघों को त्रिवेणी संघ के रूप में उद्घोषित कर दिया।
10. पारणा के पावन प्रसंग पर श्री अ.भा.सा. जैन समता युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं मेवाड़ अंचल के उपाध्यक्ष, मंत्री के साथ अंचल एवं संघों की पूरी टीम उपस्थित थी। इस टीम ने एक दिवस पूर्व पधारकर अक्षय तृतीया महोत्सव के सभी कार्यक्रमों को त्रिवेणी संघ- जयनगर, पुराना शम्भूगढ़ एवं नया शम्भूगढ़ ने साथ मिलकर सानन्द सम्पन्न करवाया।
11. श्री साधुमार्गी जैन संघ-जयनगर की ओर से राष्ट्रीय स्तर के सभी पदाधिकारियों, सम्पूर्ण भारतवर्ष एवं विदेश से पधारने वाले सभी गुरुभक्तों एवं विशेषत: जिन्होंने अपने अमूल्य समय में से कुछ समय हमें देकर संघ को गौरवान्वित किया उन सभी को बहुत-बहुत साधुवाद दिया गया।
12. इस पावन अवसर पर गोपालपुरा, आकड़सादा, जगपुरा, पुरानी परासौली, नई परासौली, आसीन्द, बदनोर, करेड़ा, अन्टाली, खेजड़ी, गागेड़ा, शम्भूगढ़ नया, शम्भूगढ़ पुराना, कालियास, बरसनी, आमेसर, जेतगढ़, पाटन, संग्रामगढ़, मोटरास, गुलाबपुरा, लाम्बा, रामपुरा आदि सहित आस-पास के अनेक स्थानों के गुरुभक्तों, जिनशासन के श्रावक-श्राविकाओं ने चारित्रात्माओं के दर्शन-सेवा का लाभ लेकर अपने आपको धन्य किया।

-शांतिलाल रांका

वर्षीतप करने वालों के लिए नियम/मर्यादाएँ

1. **चैत्र कृष्णा 8 अर्थात् चैत्र बदी 8 से वर्षीतप प्रारम्भ करना है।**
2. **सर्वप्रथम बेला करना है। चौमासी/पक्खी/14/सम्वत्सरी पर पारणा नहीं करना है। दो साल तक तपस्या करने से एक वर्षीतप पूर्ण होता है। इस अनुसार 360 पारणे एवं 400 उपवास होता है। पहली अक्षय तृतीया पर यदि पारणा आए तो बेला करना है।**
3. **प्रतिदिन श्री ऋषभदेव नाथाय नम: की 20 माला फेरनी, 12 लोगस्स का ध्यान करना, उभयकाल (सुबह-शाम) प्रतिक्रमण करना।**
4. **बिस्तर पर नहीं सोना है।**
5. **सचित्त वस्तु का त्याग करना है।**
6. **नियमित रूप से व्याख्यान श्रवण करना है।**
7. **पूर्णतया ब्रह्मचर्य का पालन करना है।**
8. **यथाशक्ति ज्ञानार्जन करना है।**
9. **दान के प्रसंग पर यथायोग्य दान करना है।**
10. **कषायों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य रखना है।**
11. **विनय-विवेक रखना है एवं पारणे पर जूठा नहीं छोड़ना है।**

श्रमणोपासक हैडलाईन्स

1. रायपुर (भीलवाड़ा) में 19 वर्षों बाद हुआ आचार्यश्री का आगमन, महासती श्री विनयश्रीजी म.सा. के पधारने पर स्मृतिशेष महासती श्री ताराकँवरजी म.सा. के बारे में आचार्यदेव ने फरमाया- 'ना काहूँ से दोस्ती, ना काहूँ से बैर।
2. उपाध्याय प्रवर व अन्य चारित्रात्माओं द्वारा 'आरोहणा शिविर' में धर्म व तत्त्वज्ञान का बच्चों को गहराई से बोध कराया गया।
3. अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जयनगर की पावन धरा पर 40 वर्षीतप आराधकों सहित 2500 लोगों की उपस्थिति से जयनगर धरा अमृतमय हो गई।
4. आचार्य प्रवर ने श्रेयांस कुमार के प्रसंग द्वारा बताई सुपात्रदान की महिमा।
5. सम्पूर्ण देश के विभिन्न छोटे-बड़े क्षेत्रों में भगवान महावीर जन्मकल्याणक व आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस त्याग-प्रत्याख्यान द्वारा मनाया गया।
6. धमतरी में मुमुक्षु बहिन सुश्री सिद्धिजी नाहर की शोभायात्रा का आयोजन किया गया।
7. डॉ. मूलचंदजी बाफना को चैन्नई विश्वविद्यालय द्वारा उनकी दीर्घकालीन सामाजिक सेवाओं एवं ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए मानद डॉक्ट्रेक्ट उपाधि दी गई। श्री अ.भा.सा. जैन संघ को आप पर गर्व है।
8. रायपुर में ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिविर में 130 बच्चों की उपस्थिति रही। सभी बच्चों, शिविर संयोजकों व अन्य कार्यकर्ताओं को धर्म की अलख जगाने हेतु साधुवाद।
9. मुमुक्षु बहिन सुश्री कविताजी बुच्चा ने सूरत (भट्टार) में आयोजित बहुमान कार्यक्रम में अपने उद्बोधन द्वारा समस्त स्वागत-सम्मान आचार्यदेव के चरणों में समर्पित करते हुए सभी से दीक्षा समारोह में पधारने का आग्रह किया।

विविध समाचार

मेवाड़ अंचल

कानोड़। भगवान महावीर जन्मकल्याणक 14 अप्रैल को सकल जैन समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: अपार जनमेदिनी के साथ नगर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण नगर अहिंसा के नारों से गुंजायमान हो उठा।

शासन दीपिका साध्वी श्री सुशीलाकँवरजी म.सा. आदि ठाणा 3 के सान्निध्य में आयोजित धर्मसभा में भगवान महावीर के सन्देशों की विवेचना की।

दिनांक 15 अप्रैल को आचार्य श्री रामेश का जन्मदिवस त्याग-तपस्या के साथ मनाया गया। धर्मसभा में साध्वीवृन्द ने आचार्यदेव के विशेष अवदानों के बारे में फरमाया। महिला मण्डल, बहू मण्डल, समता संस्कार पाठशाला के विद्यार्थियों ने अपनी सुन्दर अभिव्यक्तियों से धर्मसभा को राममय बना दिया।

-तखतमल लसोड़

उदयपुर। श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान, हिरण मगरी सेक्टर-4 की नवीन कार्यकारिणी का मनोनयन अध्यक्ष यशवन्तजी आँचलिया की अध्यक्षता में 9 अप्रेल को सम्पन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष देवेन्द्रकुमार धींग, उपाध्यक्ष दिनेशजी कंठालिया, मंत्री महेन्द्रजी पोखरना, सहमंत्री महावीरजी राठौड़, कोषाध्यक्ष दलपतसिंहजी जैन तथा 4 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए।

-देवेन्द्रकुमार धींग

उदयपुर। आचार्य श्री नानेश ध्यान केन्द्र में 4 मार्च को आयोजित बैठक में बहू मण्डल का प्रथम बार गठन किया गया, जिसमें अध्यक्षा मधुजी कोठारी एवं मंत्री श्रुतिजी पोरवाल सहित 23 संयोजिकाओं का मनोनयन किया गया।

बहू मण्डल द्वारा शासन दीपिका साध्वी श्री शान्ताकँवरजी म.सा. आदि ठाणा के सान्निध्य में छह दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बहू मण्डल की सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लेकर ज्ञानार्जन किया।

-आशा सरूपरिया

बीकानेर मारवाड़ अंचल

गंगाशहर-भीनासर। श्री साधुमार्गी जैन श्रावक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने 10 अप्रैल को प्रवचन सभा में संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चम्पालालजी डागा से सादगीपूर्ण शपथ ग्रहण की।

शासन दीपक श्री रमेशमुनिजी म.सा., शासन दीपक श्री गौतममुनिजी म.सा., शासन दीपिका साध्वी श्री लक्ष्यप्रभाजी म.सा. के सान्निध्य में 14 अप्रैल को भगवान महावीर जन्मकल्याणक एवं 15 अप्रैल को आचार्य श्री रामेश के जन्मदिवस पर दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव आयोजित किया गया।

भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर सूर्योदय के साथ दो स्थानों पर प्रार्थना कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात् जैन महासभा के तत्वावधान में रैली आयोजित की गई। रैली पश्चात् प्रवचन सभा में श्री प्रशममुनिजी म.सा. ने भगवान महावीर के 27 भवों का सारगर्भित वर्णन प्रस्तुत किया। साध्वी श्री सुप्रज्ञाश्रीजी म.सा. ने भगवान महावीर से तीन शिक्षा- 1. सुनना क्या, 2. करना क्या, 3. छोड़ना क्या, विषय पर विशेष प्रेरणा दी।

शासन दीपिका साध्वी श्री लक्ष्यप्रभाजी म.सा. ने गद्य-पद्य में भगवान महावीर के जीवन से अपने आपको जोड़ने की प्रेरणा दी।

शासन दीपक श्री गौतममुनिजी म.सा. ने

अपनी ओजस्वी वाणी में फरमाया कि जो जैन धर्म की पालना करता है वो ही जैन है। जाति से नहीं, कर्म से जैन होना चाहिए। आज लोग भगवान महावीर को मानते हैं, पर भगवान महावीर की नहीं मानते।

शासन दीपक श्री रमेशमुनिजी म.सा. ने अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकान्तवाद का सुन्दर विवेचन फरमाया। प्रवचन पश्चात् प्रश्नमंच एवं आत्मरंजन कार्यक्रम हुआ। दोपहर में भजन प्रतियोगिता हुई। 5-5 सामायिक, एकासन, आयम्बिल आदि तप त्याग काफी मात्रा में हुए। श्रावक-श्राविकाओं ने सायंकालीन प्रतिक्रमण कर अपने जीवन को भावित किया।

आचार्य श्री रामेश जन्मोत्सव पर प्रात: दो स्थानों पर प्रार्थना से धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। प्रवचन सभा में श्री राजरत्नमुनिजी म.सा. ने ''आचार्य भगवन् ने कैसे अपना जीवन मिथ्यात्व से साधुत्व तक बदला'' का सारगर्भित विवेचन फरमाते हुए गुरुदर्शन की महत्ता बतलाई। आरुग्गबोहिलाभं की बहिनों ने भजन **''गुरु राम के श्रीचरणों में तन मन जीवन सारा है''** की प्रस्तुति दी।

शासन दीपिका साध्वी श्री सुप्रज्ञाश्रीजी म.सा. ने फरमाया कि आचार्य भगवन् के मन में मोक्ष की ऊँचाई है और वचनों में आगम की सच्चाई है। साध्वी श्री लक्ष्यज्योतिजी म.सा. ने भजन **''जन्मोत्सव की लीला सबके मन को भायी है''** के माध्यम से गुरु गुणगान किया।

शासन दीपिका साध्वी श्री लक्ष्यप्रभाजी म.सा. ने गुरुदेव की महिमा का सांगोपांग दिग्दर्शन करवाया।

शासन दीपक श्री गौतममुनिजी म.सा. ने फरमाया कि जयन्ती मनाने का निषेध है, जय-जयकार भी बन्द है, परन्तु हम सब गुरु गुणगान तो कर ही सकते हैं। आपश्री ने आचार्य भगवन् द्वारा प्रदत्त आयामों को अपने जीवन में उतारने एवं समाज के उत्थान के लिए उत्क्रान्ति अपनाने की विशेष प्रेरणा दी।

शासन दीपक श्री रमेशमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि आचार्य भगवन् का जीवन तो चलता-फिरता आगम ही लगता है। प्रवचन पश्चात् प्रश्नमंच, आत्मरंजन कार्यक्रम में भाई-बहिनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अनेक जनों ने 5-5 सामायिक, एकासन तप किया। दोपहर में बहिनों ने भजन प्रतियोगिता में भाग लिया। रात्रि में लगभग 150 प्रतिक्रमण हुए।

महिला मण्डल द्वारा 16 अप्रैल को एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया गया। शासन दीपक श्री गौतममुनिजी म.सा. आदि ठाणा-3 यहाँ से विहार कर सेठिया कोटड़ी बीकानेर पधार गए हैं। शासन दीपक श्री रमेशमुनिजी म.सा. आदि ठाणा-3 श्री जवाहर विद्यापीठ एवं शासन दीपिका साध्वी श्री लक्ष्यप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा माणकचन्दजी डागा के मकान में सुख-सातापूर्वक विराज रहे हैं। प्रतिदिन प्रात: प्रार्थना पश्चात् शासन दीपक श्री रमेशमुनिजी म.सा. ज्ञाताधर्मकथांगसूत्र के 13वें अध्ययन का विवेचन फरमा रहे हैं। **-विमलकुमार सेठिया**

जयपुर ब्यावर अंचल

ब्यावर। शासन दीपक श्री आदित्यमुनिजी म.सा. ने अक्षय तृतीया के पूर्व दिवस समता भवन में प्रवचन के दौरान फरमाया कि अपने मन को विशुद्ध रखने का प्रयास करते रहना चाहिए। विशुद्ध वंदन करने पर शीतलता से निर्मलता आती है। विशुद्धि से कई महापुरुषों का जन्म हुआ। हमें शुद्ध को विशुद्ध करना होगा। विशुद्धि सीधे भावों को जोड़ती है। अरिहंत भगवान प्रवचन देते हैं तो उनकी अमृत देशना कभी खाली नहीं जाती।

संत श्री अटलमुनिजी म.सा. ने भजन ''उम्र थोड़ी-सी हमको मिली, मगर वो भी घटने लगी देखत-देखते'' के माध्यम से फरमाया कि हम बिना उद्देश्य के जिंदगी गुजार रहे हैं, अब धर्म-ध्यान, तप-त्याग से आत्मा का कल्याण करना है। हमारा एक पहिया देव-गुरु-धर्म का है तो दूसरा पहिया अपनी आत्मा का है।

शासन दीपिका साध्वी श्री विद्यावतीजी म.सा. ने फरमाया कि हमारे संघ का एक मात्र कोहीनूर हीरा आचार्य श्री रामेश हैं। आपश्री बहुत से हीरे तराशकर हमें दे रहे हैं।

ब्यावर की माटी के लाल शासन दीपक श्री विनयमुनिजी म.सा. आदि ठाणा-3 का 11 मई को प्रात: समता भवन में मंगल प्रवेश हुआ। जयनगर में अक्षय तृतीया महोत्सव के बाद आपश्रीजी वहाँ से रामपुरा, पाटन, नरबदखेड़ा होते हुए विनोदनगर स्थित चौथ स्मृति भवन में विराजे। इस दौरान सकल जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति रही।

-नोरतमल बाबेल

मध्यप्रदेश अंचल

इन्दौर। **''धर्म और हमारा जीवन''** विषय पर तीन दिवसीय शिविर दिनांक 6-8 मई को श्री साधुमार्गी जैन संघ के तत्वावधान में समता भवन यशवन्त निवास रोड में आयोजित किया गया। शिविर में शासन दीपिका साध्वी श्री प्रमोदश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-5 का सान्निध्य प्राप्त हुआ। साध्वी श्री स्वागतश्रीजी म.सा. ने जीवन परिवर्तनकारी इस शिविर में फरमाया कि शरीर और मन के दुखों का निवारण यदि करना है तो धर्म में पुरुषार्थ करना होगा। धर्म निर्धन को धन नहीं देता अपितु ऐसा सामर्थ्यवान बना देता है कि विरक्ति भाव जागृत होने से वह कुबेर को भी ठोकर मार देता है। **-तेजकुमार तातेड़**

छत्तीसगढ़ उड़ीसा अंचल

धमतरी। आचार्य श्री रामेश का 70वाँ जन्मदिवस तप-त्याग के साथ मनाया गया। समता शाखा, प्रश्नोत्तरी, भजन, एकासन, आयंबिल, उपवास, बियासना आदि सम्पन्न हुए। समता शाखा में भाई-बहिनों की अच्छी उपस्थिति रही। जन्मदिवस पर आचार्यश्रीजी का जीवन परिचय, समता बहू मण्डल द्वारा भजन आदि की प्रस्तुति दी गई। सामूहिक एकासन की प्रभावना शिवरतनजी भूरा परिवार द्वारा की गई।

इसी कड़ी में 17 अप्रैल को श्री साधुमार्गी जैन संघ द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श होम्योपैथी एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. पपेशजी नाहर, डॉ. राकेशजी साहू, योग प्रशिक्षक विकासजी कंसारी, कु. अमरीका साहू, कु. तारीणी साहू, कु. अंजुलता आदि डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। लगभग 70 मरीजों की जाँच कर दवाइयाँ वितरित की गई। सभी डॉक्टरों का सम्मान स्थानीय संघ द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर संघ के विशिष्ट महानुभावों एवं सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

धमतरी में 29 अप्रैल को मुमुक्षु बहिन कु. सिद्धीजी नाहर के आगमन पर घड़ी चौक से सदर बाजार स्थानक तक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। रास्ते में अनेक स्थानों पर मुमुक्षु बहिन का स्वागत किया गया। स्थानक पहुँचकर शोभायात्रा सभा में परिवर्तित हो गई।

सभा में मंच पर मुमुक्षु बहिन सहित परिजन विराजमान हुए। सर्वप्रथम नवकार महामंत्र जाप से सभा प्रारंभ हुई। मंगलाचरण परी कोटड़िया ग्रुप द्वारा किया गया एवं स्वागत गीत समता बहू मण्डल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में संयमी आत्मा के भावी जीवन हेतु मंगलकामनाएँ व्यक्त की।

मुमुक्षु बहिन एवं नाहर परिवार का स्वागत सकल जैन समाज की ओर से सतीशजी नाहर, सुरेशजी गोलछा, मूर्तिपूजक संघ की ओर से लूणकरणजी गोलछा, भंवरलालजी छाजेड़, लक्ष्मीलालजी लुनिया, स्थानकवासी संघ की ओर से मंत्री नेमीचन्दजी छाजेड़, शीतलजी सांखला, सुधर्म परिवार की ओर से दीपकजी चौपड़ा, प्रेमचन्दजी मिन्नी, सुधर्म महिला मंडल की ओर से संजनाजी बोहरा सहित स्थानीय श्री साधुमार्गी जैन संघ, समता

महिला मण्डल एवं समता युवा संघ द्वारा किया गया।

अपने उद्बोधन में मुमुक्षु बहिन ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं अपितु चारित्रात्माओं का है, जिसे मैं आचार्य भगवन् के श्रीचरणों में अर्पित करती हूँ। मुझ पर पहला उपकार मेरे माता-पिता एवं परिजनों का और उसके बाद धमतरी श्रीसंघ का है, जिसके कारण मैं संयम मार्ग पर बढ़ने जा रही हूँ। आप सभी दीक्षा साक्षी बनने हेतु अवश्य पधारें। सभा में अनेक प्रमुखजनों एवं सदस्यों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। मुमुक्षु बहिन से मांगलिक श्रवण कर जय-जयकारों के साथ सभा सम्पन्न हुई।

-दीपक बाफना

रायपुर। 14 अप्रैल से 1 मई तक सुराना भवन रायपुर में लगभग 130 बच्चों का ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर का सफल आयोजन हुआ। बच्चों व शिक्षिकाओं का उत्साह देखने योग्य था। समापन में छत्तीसगढ़ उड़ीसा ट्रस्ट के अध्यक्ष नथमलजी गिड़िया व उनकी टीम ने उपस्थित होकर बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। स्थानीय संघ अध्यक्षजी ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर महिला समिति की संरक्षिका श्रीमती इंदुबाई बैद, श्रीमती शांतिबाई पारख तथा श्रीमती मांगीबाई गोलछा का भी संघ द्वारा बहुमान किया गया।

वालफोर्ट सिटी में शासन दीपक श्री हर्षितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा-6 तथा शासन दीपिका साध्वी श्री रजतमणिजी म.सा. आदि ठाणा-3 के पावन सान्निध्य एवं लगभग एक हजार श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में 3 मई को अक्षय तृतीया के पावन प्रसंग पर वर्षीतप पारणा महोत्सव में 19 तपस्वी बहिनों का पारणा तथा मुमुक्षु बहिन यशस्वीजी ढ़ेलड़िया-बालोद, मुमुक्षु बहिन अनमोलजी जैन-टिटलागढ़, मुमुक्षु बहिन सिद्धीजी नाहर-बोरझरा के अभिनन्दन का सुनहरा अवसर श्री साधुमार्गी जैन संघ को मिला। **-संध्या धाड़ीवाल**

मुम्बई गुजरात अंचल

सूरत। आचार्य श्री रामेश के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 17 अप्रैल को समता भवन में चिकित्सा जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन श्री साधुमार्गी जैन संघ-सूरत, श्री झूमरमल कांकरिया चैरिटेबल ट्रस्ट एवं लॉयन्स क्लब सूरत सिल्क सिटी के संयुक्त तत्वावधान में रिलायंस मेडलेब द्वारा किया गया। शिविर में लगभग 105 जनों ने जाँच एवं परामर्श का लाभ लिया। शिविर में सेवाएँ देने वाले सभी चिकित्साकर्मियों का सम्मान किया गया। संघ मंत्रीजी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तीनों संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

समता भवन भट्टार में 1 मई को समता शाखा के पश्चात् मुमुक्षु बहिन कु. कविताजी बुच्चा-देशनोक का बहुमान कार्यक्रम श्री साधुमार्गी जैन संघ की चारों इकाइयों द्वारा आयोजित किया गया। मुमुक्षु बहिन कविताजी एवं वीर भ्राता हेमराजजी बुच्चा का अभिनन्दन संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर संघ अध्यक्षजी सहित अनेक प्रमुखों ने मुमुक्षु बहिन के सम्मान में अपने भावोद्गार प्रस्तुत किए।

मुमुक्षु बहिन कु. कविताजी बुच्चा ने अपने उद्बोधन में अपना समस्त स्वागत-सम्मान आचार्यदेव के चरणों में अर्पित करते हुए सभी से दीक्षा समारोह में पधारने का आग्रह किया।

इसी दिन समता संस्कार पाठशाला के बच्चों की परीक्षा ली गई, जिसमें 183 बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 75 से अधिक एकासन तप की आराधना हुई।

-प्रेमचन्द पारख

महाराष्ट्र विदर्भ खानदेश अंचल

चौपड़ा। शासन दीपक श्री सुबाहुमुनिजी म.सा., श्री भूतिप्रज्ञमुनिजी म.सा. आदि ठाणा-2 के पदार्पण से संघ में एक नया जोश भर गया। आपश्रीजी ने 5 दिन यहाँ विराजकर धर्म-ध्यान का

ठाठ लगा दिया। अक्षय तृतीया के दिन तो चतुर्विध संघ में विशेष उल्लास रहा। जैन-जैनेत्तर सभी ने जिनवाणी का श्रवण किया। चारित्रात्माओं के सानिध्य में दोपहर में श्रावक-श्राविकाओं ने आगमज्ञान प्राप्त किया। आपश्रीजी की प्रेरणा से व्रत-प्रत्याख्यान हुए एवं समता शाखा पुन: सामूहिक रूप से शुरू करने का निश्चय किया गया। -चेतनकुमार दर्डा

बंगाल बिहार नेपाल एवं भूटान अंचल

कूचबिहार। आचार्य श्री रामेश का 70वाँ जन्मदिवस तप-त्यागपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष गणेशमलजी सुराणा ने उपवास एवं महिला समिति की अनेक बहिनों ने एकासन तथा विभिन्न पच्चक्खाण किए। नवरतनजी भूरा के निवास पर सामायिक एवं लगातार 70 बार रामेश चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें युवाओं, बच्चों सहित सभी की अच्छी उपस्थिति रही। -इन्दरचन्द बुच्चा

भिलाई। डॉ. मूलचन्दजी बाफना पुत्र श्री स्व. श्री सुल्तानमलजी-श्रीमती सजनाबाई बाफना को चैन्नई विश्वविद्यालय द्वारा उनकी दीर्घकालिक सामाजिक सेवा एवं ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए मानद डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गई है। एतदर्थ आपको श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ एवं श्रमणोपासक टीम की ओर से हार्दिक बधाई एवं साधुवाद।

श्री बाफनाजी चिकित्सा, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में सेवा कार्यों से विगत 40 वर्षों से जुड़े हुए हैं। आपको प्रादेशिक, राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के अनेक सम्मान व पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। -वीरेन्द्र पुगलिया

श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ के अन्तर्गत प्रदत्त पुरस्कारों हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित

सेठ श्री चम्पालाल सांड स्मृति उच्च प्रशासनिक सेवा पुरस्कार

1. पात्रता :-

(1.1) यह पुरस्कार **Award of Excellence** के स्वरूप में भारत सरकार की उच्च प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत, जो जैन धर्मावलम्बी शीर्षस्थ पदाधिकारी के रूप में विशेष ख्याति अर्जित कर जैन समाज को गौरवान्वित करते हैं, वे इस पुरस्कार हेतु चयनित किए जाने के पात्र समझे जाते हैं।

2. पुरस्कार के नामांकन :-

(2.1) किसी भी उपयुक्त पदाधिकारी का, जो जैन मतावलम्बी हो, उपरोक्त पुरस्कार हेतु नामांकन प्रस्तुत किया जा सकता है।

(2.2) जिस व्यक्ति को नामांकित किया जा रहा है, कृपया उसका पूरा नाम, पता, प्रशासनिक पद, सम्पर्क विवरण, सेवा क्षेत्र, निष्पादन रिकॉर्ड आदि का विस्तृत उल्लेख नामांकन/संस्तुति में समाविष्ट करें।

3. पुरस्कार का स्वरूप :-

(3.1) चयनित पुरस्कार-विजेता को श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ की ओर से एक लाख रुपये का चैक, अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिह्न किसी विशिष्ठि दिवस अथवा गरिमामय समारोह में सम्मान पूर्वक भेंट किया जाएगा।

4. आवृति :- वार्षिक

प्रविष्टियाँ भिजवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2022 है, प्रविष्टियाँ केन्द्रीय कार्यालय के निम्न पते पर भिजवाएँ।

निवेदक : उत्तमचंद नाहटा, दिल्ली

(संयोजक, सेठ श्री चम्पालाल सांड स्मृति उच्च प्रशासनिक सेवा पुरस्कार समिति)

प्रविष्टियाँ भिजवाने का पता

केन्द्रीय कार्यालय, श्री अ.भा.सा. जैन संघ, समता भवन, आचार्य श्री नानेश मार्ग, नोखा रोड, गंगाशहर, बीकानेर (राज.)-334001
फोन 0151-2270261, 2270359, मो.नं. - 9116109777 ई-मेल :- ho@sadhumargi.com

विविध भेंट मार्फत

01 अप्रैल 2022 से 30 अप्रैल 2022

संघ महाप्रभावक सदस्यता भेंट
(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

4,40,000/- केशरीमलजी देशलहरा-दुर्ग

2,20,000/- राजकुमारजी बच्छावत-नेपाल/भीनासर

2,20,000/- प्रकाशचंदजी श्री श्रीमाल-हैदराबाद

समता भवन निर्माण प्रवृत्ति
(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

1,00,000/- राजेशजी अरिहंतजी मंदाक्षजी गुलगुलिया-सिलचर

51,000/- प्रकाशचंदजी बरड़िया-अहमदाबाद

(समता भवन लूणकरणसर हेतु सहयोग)

50,000/- सेठ शेरमल फतेचंदजी डागा ट्रस्ट-गंगाशहर

(समता भवन शिंदखेड़ा हेतु सहयोग)

25,000/- अमरचंदजी रमेशचंदजी चौरड़िया-शहादा

साधुमार्गी पब्लिकेशन सहयोग
(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

50,000/- नवीनजी बोथरा-जयपुर (समता प्रभातम् हेतु सहयोग)

इदं न मम्
(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

2,00,000/- केशरीचंदजी भूरा-दिल्ली

2,00,000/- संजयकुमारजी भूरा-दिल्ली

1,00,000/- राजकरणजी बरड़िया-अहमदाबाद

27,000/- दिनेशजी विपुलजी आँचलिया-इंदौर

25,000/- धर्मचंदजी दिलीपजी अविनाशजी नंदावत-मैसूर

21,000/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त संजयजी गिरीशजी मनीषजी कूकड़ा-चैन्नई, रेवंतमलजी बेताला-अहमदाबाद

20,400/- रूपचंदजी कमलकुमारजी संचेती-सिलापथार

15,000/- बिनाजी विनायकिया-हावड़ा

11,000/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त विवेकजी प्रकाशचंदजी कांकरिया-देवली/वर्धा, यशोदाबाई देशरला-बैंगलोर

10,200/- अमृतलालजी छाजेड़-बेमेतरा

5,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त मनोहरीदेवी डागा-नोखा, सुशीलाबाई कैलाशचंदजी गुरलिया-बैंगलोर, किरणजी मुणोत-वापी

5,000/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त पारसमलजी रांका-चैन्नई, मोहनलालजी पींचा-रांची/गंगाशहर, नवलजी कोठारी-मैसूर, कन्हैयालालजी निलिनकुमारजी बाफना-कांकेर

3,000/- महेन्द्रकुमारजी सिपानी-कोलाघाट

2,100/- जेठमलजी सुन्दरलालजी सेठिया-हावड़ा

2,070/- हनुमानमलजी गोलछा-जलपाईगुड़ी

1,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त श्रीपालजी बोथरा-हवली, नैनेशजी रजनीकांतजी कामदार-अमलनेर

1,000/- प्रकाशचंदजी साँखला-राजनांदगाँव

555/- कमलाबाई पुखराजजी चौपड़ा-सेलम्बा

500/- राजेन्द्रकुमारजी सेठिया-सूरत

जीवदया

11,000/- गुप्तदान-सिलचर

10,500/- देवेन्द्रकुमारजी गणेशकुमारजी अहिलेशकुमारजी पीयूषकुमारजी मेहता-बड़ीसादड़ी

6,803/- श्री साधुमार्गी जैन संघ-ब्यावर

5,100/- महावीरचंदजी गुरलिया-भीम (श्री भँवरलालजी गुरलिया की पुण्यस्मृति में)

5,000/- सुधीरकुमारजी देवेशकुमारजी लूणावत-

नरसिंहपुर

3,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त दिनेशकुमारजी, शांतिलालजी, निर्मलकुमारजी बाफना-चित्तौड़गढ़ (श्रीमती सुशीलादेवी की पुण्यस्मृति में), माणकचंदजी लक्ष्मीदेवी बैद-कोलकाता

2,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त हेमराजजी गोलछा-गीदम, गुप्तदान-उदासर (स्व. श्री दिवाकरजी सेठिया की पुण्यस्मृति में)

1,500/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त रूपालीजी जैन-हिंगोली, छगनलालजी लूणकरणजी सेठिया-झझू/तूफानगंज

1,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त महेन्द्रजी पारसमलजी मरलेचा-चैन्नई, नारंगीबाई इन्दरचंदजी सुराणा-चैन्नई, गुप्तदान-उदासर, अशोकजी सेठिया-उदासर (स्व. श्री सोहनलालजी मनोहरीदेवी सेठिया की पुण्यस्मृति में)

1,000/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त विनीतजी सोनावत-हैदराबाद, लहरचंदजी जसकरणजी सिपानी-गंगाशहर, कुशालसिंहजी डांगी-बड़ीसादड़ी

600/- कैलाशचंदजी जैन-सवाईमाधोपुर

500/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त शांतादेवी वया-छोटीसादड़ी, गुप्तदान-बैंगलोर, पारसमलजी तरूणकुमारजी भंसाली-खैरागढ़ (श्री जितेन्द्रजी भंसाली की पुण्यस्मृति में), बजरंगलालजी सुनीलकुमारजी सिपानी-हावड़ा (कु. जयश्री सिपानी की पुण्यस्मृति में)

दानपेटी योजना

(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

51,000/- विमलादेवी कमलजी सिपानी-बैंगलोर

34,000/- प्रकाशचंदजी सरलादेवी बेताला-बैंगलोर

20,000/- जेठीदेवी कुमुददेवी सिपानी-बैंगलोर

15,530/- धर्मचंदजी दिलीपजी अविनाशजी नंदावत-मैसूर

11,000/- श्री साधुमार्गी जैन संघ-मैसूर

5,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त श्यामलालजी विवेककुमारजी विशालजी गन्ना-मैसूर, प्रकाशचंदजी हनुमानमलजी सुराणा-हवली/नोखागाँव, सुन्दरदेवी कटारिया-मैसूर

5,000/- सीमाजी सिपानी-बैंगलोर

3,650/- सुभाषचंदजी प्राज्वलजी पोरवाल-मैसूर

3,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त दिलखुशजी विनोदकुमारजी डूंगरवाल-मैसूर, सुमेरमलजी कमलकुमारजी प्रजापत-हवली, विवेकजी प्रकाशचन्दजी कांकरिया-देवली, गंगारामजी दिनेशकुमारजी लूणावत-हवली

3,051/- शिखरचंदजी सेठिया-उदासर

2,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त हुक्मीचंदजी रोहितकुमारजी नंदावत-मैसूर, प्रमोदकुमारजी वंशकुमारजी श्रीमाल-मैसूर, दिलीपकुमारजी भरतकुमारजी गन्ना-मैसूर, अशोककुमारजी पितलिया-मैसूर, गौतमचंदजी आशीषकुमार वनिशकुमारजी गन्ना-मैसूर, प्रकाशचंदजी जसवंतकुमारजी गन्ना-मैसूर, अनिलकुमारजी पोरवाल-मैसूर, पंकजकुमारजी ऋषभकुमारजी खिमेसरा-मैसूर, नवलकुमारजी कोठारी-मैसूर

1,500/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त मेघराजजी धर्मचंदजी बैद-हवली, कांतिलालजी पवनकुमारजी डागा-मैसूर

1,200/- छगनलालजी लूणकरणजी सेठिया-झझू/तूफानगंज

1,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त श्रीपालजी बोथरा-हवली, चाँदमलजी सुराणा-हवली, विनोदकुमारजी बाँठिया-हवली, विजेन्द्रकुमारजी बाँठिया-हवली, मेघराजजी पुखराजजी गोलछा-हवली, सुरेशकुमारजी अशोककुमारजी बुरड़-हवली, राकेशकुमारजी श्री श्रीमाल-मैसूर, खुशंवतलालजी राहुलकुमारजी पोरवाल-मैसूर, अनिलकुमारजी कोठारी-बैंगलोर, दिनेशकुमारजी किशनकुमारजी दक-मैसूर, पुनीतकुमारजी गन्ना-मैसूर,

राजेशकुमारजी राहुलकुमारजी देशरला-मैसूर, गौतमचंदजी देराशरिया-मैसूर, नेमीचंदजी नवीनकुमारजी श्रीमाल-मैसूर, दिलीपकुमारजी श्यामजी नागौरी-मैसूर, गणेशमलजी गौतमचंदजी डागा-मैसूर, आनंदराजजी प्रेमकुमारजी डागा-मैसूर, रमेशकुमारजी डागा-मैसूर, कैलाशचंदजी कोठारी-मैसूर, दिनेशकुमारजी पितलिया-मैसूर, हरिप्रकाशजी मोगरा-मैसूर

1,000/- रिखबचंदजी प्रश्नकुमारजी अशोककुमारजी भंसाली-मैसूर

850/- सुन्दरलालजी डागा-नोखा

उच्च शिक्षा योजना
(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

1,00,000/- सुगनचंदजी धोका-चैन्नई

महत्तम् महोत्सव
(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

50,000/- सुरेशकुमारजी बच्छावत-बीकानेर

5,100/- गुप्तदान-बैंगलोर

साहित्य आजीवन सदस्यता सहयोग

1,000/- गुप्तदान-केकड़ी

समता मित्ति योजना

5,100/- अमृतलालजी सहलोत

समता प्रचार संघ
(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

1,00,000/- सुशीलाजी साँखला-मुम्बई

1,00,000/- राजेशजी अरिहंतजी मंदाक्षजी गुलगुलिया-सिलचर

3,100/- श्री साधुमार्गी जैन संघ-बेल्लारी

2,100/- मनोजकुमारजी सेठिया-बेल्लारी

भगवान महावीर समता संस्कार पाठशाला
(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

2,50,000/- आनन्द-चेतना, अधिराज-उपासना, कु. आरना, कु. आर्या, धनराज-वैशाली, ऋषिराज-प्रीति एवं समस्त आनन्द देवराजजी सुराणा परिवार-रायपुर (छ.ग.)

2,500/- अन्नुजी अल्पनाजी जैन-हरदा

समता सरिता सेवा विहार सेवा

11,000/- धर्मचंदजी दिलीपजी अविनाशजी नंदावत-मैसूर

3,100/- रोशनलालजी प्रदीपजी अनिलजी नंदावत-मैसूर

2,000/- निर्मलजी पीयूषकुमारजी कोठारी-कोलकाता (कमलादेवी कोठारी की पुण्यस्मृति में)

1,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त विनोदजी श्री श्रीमाल-वड़ोदरा (श्री जवरीलालजी श्री श्रीमाल-ब्यावर की 20वीं पुण्यतिथि पर), अम्बालालजी अनिलकुमारजी देशरला-मैसूर, पुखराजजी विनोदकुमारजी अजितकुमारजी डागलिया-मैसूर, उत्तमचंदजी अरुणकुमारजी अरिहंतजी डागलिया-मैसूर

1,000/- पारसमलजी तरुणकुमारजी भंसाली-खैरागढ़ (श्री जिनेन्द्रजी भंसाली की पुण्यस्मृति में)

समता साहित्य स्टॉल अनुदान

2,500/- कैलाशजी कोठारी-गंगापुर

2,000/- प्रमोदजी गेलड़ा-विजयवाड़ा

1,000/- कन्हैयालालजी अनिताजी बाफना-लखनपुरी

सर्वधर्मी सहयोग (महिला समिति)

2,000/- निर्मलकुमारजी पीयूषकुमारजी कोठारी-कोलकाता (श्रीमती कमलादेवी कोठारी की पुण्यस्मृति में)

शिक्षण एवं स्वाध्यायी फंड
(निम्न के सौजन्य से प्राप्त)

70,000/- गुप्तदान-बैंगलोर

श्रमणोपासक भेंट

21,000/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त ललितादेवी कोठारी सपरिवार-कोलकाता (श्री हेमंतजी कोठारी की पुण्यस्मृति में), जयचंदलालजी निर्मलकुमारजी अजयकुमारजी भूरा-करीमगंज

11,000/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त

वीरेन्द्रकुमारजी पितलिया-रतलाम (श्री शांतिलालजी पितलिया की पुण्यस्मृति में), पुखराजजी अरिहंतजी अब्भाणी बैंगलोर/बीकानेर, कंचनदेवी मिलापचंदजी कोचर-दुर्ग (सुपौत्र ऋषभ संग मेघा के शुभविवाह के उपलक्ष्य में)

10,500/- देवेन्द्रकुमारजी गणेशकुमारजी अखिलेशकुमारजी पीयूषकुमारजी मेहता-बड़ीसादड़ी

5,100/- अमृतलालजी सहलोत-निकुम्भ (श्रीमती मनोरमादेवी की पुण्यस्मृति में)

2,100/- अशोककुमारजी डूंगरवाल-निम्बाहेड़ा

1,100/- का सहयोग प्रत्येक से प्राप्त निर्मलकुमारजी पियूषकुमारजी कोठारी-कोलकाता (श्रीमती कमलादेवी कोठारी की पुण्यस्मृति में), कमलकुमारजी मिन्नी-भीनासर

1000/- कैलाशचंदजी जैन-सवाईमाधोपुर (नवीन जैन के शुभविवाह के उपलक्ष्य में)

500/- पन्नालालजी कन्हैयालालजी लोढ़ा-अहमदाबाद (सुशीलाकँवरजी बाफना के संथारे के सम्मान में)

श्री गणेशजैन छात्रावास-उदयपुर

51,000/- अतुलजी चण्डालिया-उदयपुर (माता-पिता की पुण्यस्मृति में)

समता संस्कार पाठशाला

2,500/- अनुजजी अल्पनाजी जैन-हरदा

: विशेष :

साहित्य आजीवन सदस्यता 03, श्रमणोपासक आजीवन सदस्यता 50

1 मई 2021 से 30 अप्रैल 2022

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के बैंक खाते में अधोलिखित राशियाँ विभिन्न दानदाताओं ने जमा करवाई हैं, लेकिन कार्यालय को जमाकर्त्ता के नाम एवं किस मद हेतु राशि जमा की गई, इसकी सूचना प्राप्त न होने से ये राशियाँ संघ के सस्पेंस खाते में संयोजित हैं। अत: जिन दानदाताओं ने राशि के सामने अंकित दिनांक को ये राशियाँ जमा करवाई हैं, वे केन्द्रीय कार्यालय, बीकानेर को मोबाईल नम्बर 7976520588 पर सूचित कर अपनी पक्की रसीद अतिशीघ्र ही प्राप्त करें।

दिनांक	राशि	अन्य विवरण
एस.बी.आई बैंक		
05.05.21	600/-	UPI नीरजकुमार
06.05.21	1100/-	नकद
13.05.21	1101/-	राजेन्द्रकुमार जैन
14.05.21	501/-	IMPS
20.07.21	9100/-	नकद
20.07.21	2000/-	नकद
26.07.21	1000/-	UPI
13.08.21	500/-	बांठिया अशोक
04.09.21	1110/-	रमाकान्त
07.09.21	2199/-	IMPS
19.09.21	501/-	भारत जैन
22.09.21	1100/-	सतीश सौभाग
01.10.21	2240/-	Ch.No. 249935 (पवनकुमार)
04.10.21	2100/-	Ch.No. 14884 (जे. पूनम)
05.10.21	7100/-	Ch.No. 20020045
22.10.21	1100/-	अरुण कुमार
06.11.21	2100/-	अनुराग बरड़िया
29.11.21	5000/-	नेफ्ट
05.12.21	500/-	राहुल जैन
06.12.21	12350/-	Ch.No. 1782
09.12.21	2100/-	आयुषी जैन
09.12.21	2000/-	आयुषी जैन
09.12.21	1500/-	आयुषी जैन
09.12.21	1500/-	आयुषी जैन
13.12.21	1100/-	ऋषभ सिपानी
14.12.21	600/-	नकद

06.01.22	11000/-	सोनू
07.01.22	5000/-	भरत जैन
16.02.22	25000/-	रोहन
22.02.22	2200/-	सिद्धार्थ
05.03.22	3000/-	रितेश
08.03.22	5000/-	नकद
09.03.22	2537/-	दीपिका
31.03.22	2100/-	विनय गोलछा
31.03.22	21600/-	रतलाम
18.04.22	7950/-	Ch.No. 439337

यूको बैंक

14.06.21	500/-	नकद
13.01.22	5620/-	नकद
31.03.22	2000/-	नकद

भूल सुधार

श्रमणोपासक के 29-30 अप्रैल, 2022 के अंक में-

1. समता भवन लूणकरणसर हेतु प्राप्त सहयोग में सुलोचना बरड़िया द्वारा प्राप्त राशि को इस प्रकार पढ़ा जाए- श्रीमती सुन्दरदेवी धर्मपत्नी नेमचंदजी बरड़िया के आत्मज सुलोचना गोरधन बरड़िया परिवार

2. सामाजिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत 20,300/- जेठीदेवी कुमुददेवी सिपानी-बैंगलोर एवं साधुमार्गी पब्लिकेशन सहयोग के अन्तर्गत 20,000/- नीलूजी चण्डालिया-रतलाम को श्री धर्मपाल प्रचार-प्रसार समिति के अन्तर्गत पढ़ा जाए।

राम चमकते भानु समाना

आचार विशुद्धि महोत्सव

20 सूत्री भक्ति आयाम ग्रहण करने वाले धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाएँ

15 से 19 भक्ति आयाम ग्रहण करने वाले धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाएँ

1. संध्या बोथरा-दुर्ग

10 से 14 भक्ति आयाम ग्रहण करने वाले धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाएँ

2. चन्दा बोथरा-दुर्ग
3. शोभना बोथरा-दुर्ग
4. अमिता बोथरा-दुर्ग

05 से 09 भक्ति आयाम ग्रहण करने वाले धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाएँ

5. गीता पारख-दुर्ग
6. भारती पारख-दुर्ग
7. निलेश पारख-दुर्ग
8. सुमन बोथरा-दुर्ग

01 से 04 भक्ति आयाम ग्रहण करने वाले धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाएँ

9 सिद्धार्थ गोलछा-जयपुर
10 शुभम सिंह मेहता-टोंक
11 सुभाष चन्द लोढा-ब्यावर
12 श्रीकांत सांखला-छुईखदान
13 नवीन जैन-धमधा
14 राजेश कुमार जैन-धमधा
15 धर्मचन्द सेठिया-रायपुर
16 कुशल सेठिया-रायपुर
17 केतन चौरड़िया-राजनांदगाँव
18 दिनेश चौरड़िया-राजनांदगाँव
19 राजा ओसवाल-राजनांदगाँव
20 राहुल जैन-कुसुमकसा
21 रोहन जैन-कुसुमकसा
22 मुकेश जैन-डौंडीलोहारा
23 मोनाली सिसोदिया-सैंती
24 काली सिंघवी-सैंती
25 रंजना चण्डालिया- सैंती
26 ललित कुमार बोहरा-कोटा
27 कविश जैन-सवाईमाधोपुर
28 नवीन कुमार जैन-सवाईमाधोपुर
29 गुलाब जैन-कुण्डेरा
30 हेमप्रकाश जैन-कुण्डेरा
31 अंशुल मेहता-टोंक
32 हर्षित जैन-धमधा
33 आदित्य छाजेड़-धमधा
34 भावेश छाजेड़-धमधा
35 नितेश जैन-रायपुर
36 शुभम् चौरड़िया-राजनांदगाँव
37 भव्य पारख-दुर्ग
38 शशि पारख-दुर्ग
39 सिल्की देसलहरा-दुर्ग
40 इन्द्रा पारख-दुर्ग
41 सरला गोलछा-दुर्ग
42 डॉली कांकरिया-दुर्ग
43 अजय कांकरिया-दुर्ग

सुश्राविका उगमा देवी बैदमुथा

धर्मनिष्ठ सुश्राविका श्रीमती उगमा देवी बैदमुथा धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री पुखराजजी बैदमुथा, बागबाहरा एवं बिलासपुर छत्तीसगढ़ निवासी (मरुधर में केकिन्द जसनगर) का 91 वर्ष की अवस्था में 10 नवंबर 2021 को देवलोकगमन हुआ। आपका जन्म मेड़तासिटी (राज.) में पिता स्व. श्री शिवजीरामजी बाघमार एवं माता स्व. श्रीमती सायरकँवरजी बाघमार के घर-आँगन में हुआ।

आपका विवाह स्व. श्री पुखराजजी बैदमुथा (सुपुत्र स्व. श्री हमीरमलजी-स्व. श्रीमती कनफूल देवी बैदमुथा) के साथ संपन्न हुआ। देव, गुरु एवं धर्म के प्रति आपकी आस्था प्रबल थी। आप सरल स्वभावी, मृदुभाषी, मिलनसार एवं हंसमुख प्रकृति की धनी थी। आपने 2 मासखमण, 15, 11, अठाई, तेला एवं बेला की अनगिनत तपस्याएँ सम्पन्न की। कई वर्षों से एकासना एवं प्रतिदिन दो सामायिक करना आपकी दिनचर्या में शामिल था।

आपको परम पूज्य आचार्य श्री नानेश एवं परम पूज्य आचार्य श्री रामेश के दर्शन-वंदन-सेवा का लाभ प्राप्त हुआ। आपने अपने पति स्व. श्री पुखराजजी बैदमुथा के साथ पूरे परिवार की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते हुए सुपुत्र-सुपुत्रियों, पौत्र-पौत्रियों को उच्च संस्कारों की शिक्षा प्रदान की। परिणामस्वरूप आपके द्वारा दी गई शिक्षा और आशीर्वाद से सुपुत्र इंदरचंद (सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर जीएसटी), पौत्र शितेष (असिस्टेंट प्रोफेसर बिलासपुर), पौत्र सिद्धार्थ (ब्रांच मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा) में कार्यरत हैं एवं पौत्रवधू डॉ. नेहा (असिस्टेंट प्रोफेसर बिलासपुर), पौत्रवधू रोशनी (बी.टेक.), पौत्री सोनल बैदमुथा (लेक्चरर बिलासपुर), पौत्री डॉ. स्वाति नाहर (असिस्टेंट प्रोफेसर भोपाल) अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

परिवार के सभी सदस्यों का आपसे आत्मीय जुड़ाव था। आपकी दिवंगत आत्मा को सर्वोच्च गति एवं चिरशांति के साथ शाश्वत सुख प्राप्त हों ऐसी मंगलकामना वीतराग प्रभु से करते हैं।

: श्रद्धावनत् :

इंदरचंद-पुष्पा (पुत्र-पुत्रवधू), शितेष-डॉ. नेहा, सिद्धार्थ-रोशनी (पौत्र-पौत्रवधू), सोनल बैदमुथा (पौत्री), स्वाति-अर्पितजी नाहर, भोपाल (पौत्री-दामाद), सुशीलाजी-श्री मदनलालजी लुनिया, बागबाहरा, विमलाजी-श्री खुशालचंदजी भंसाली, सूरत, शोभाजी-श्री किशोरचंदजी श्रीश्रीमाल, रायपुर (सुपुत्री-दामाद), स्व. सुगनचंदजी-स्व. किरणदेवी बाघमार, चैन्नई, स्व. बुधराजजी-स्व. शांतादेवी, चैन्नई, स्व. बादलचंदजी-स्व. विमलादेवी बाघमार, श्रीकालाहस्ती, स्व. संपतराजजी-श्रीमती पुष्पादेवी बाघमार, श्रीकालाहस्ती, श्री ज्ञानचंदजी-श्रीमती संतोषदेवी बाघमार, श्रीकालाहस्ती, श्री विमलकुमारजी-श्रीमती कांतादेवी बाघमार, मेड़ता, श्री कमलकुमारजी-श्रीमती शारदा बाघमार, मेड़ता (भाई-भाभी)

हार्दिक श्रद्धांजलि

स्व. श्री फतेहलालजी चावत

जन्म : 01.01.1925 **स्वर्गवास : 05.04.2022**



धर्मनिष्ठ, चावत परिवार के वरिष्ठतम, पूजनीय श्री फतेहलालजी चावत का दि. 05.04.2022 को 97 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया। आपश्री बचपन से ही संघर्षशील, कर्तव्यनिष्ठ रहे। आपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखते हुए परिवार को आगे बढ़ाते रहे। आप 40 वर्षों तक श्री साधुमार्गी जैन संघ, लसड़ावन के अध्यक्ष रहे। आपके अध्यक्षीय कार्यकाल में गाँव में चारित्रात्माओं के 5 चातुर्मास सम्पन्न हुए। आपने संघ की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए संघ को मजबूती प्रदान की। आप संघ, समाज में सदैव गरीब, कमजोर दु:खी लोगों की सेवा में अग्रणी रहे। आपने न्याय पंचायत, लसड़ावन के प्रमुख रहते हुए सच्चाई, निर्भीकता व ईमानदारी से बिना भेदभाव किए न्याय प्रदान किया। आपकी इन विशेषताओं के कारण आप गाँव के आजीवन लोकप्रिय, न्यायप्रिय जनसेवक रहे।

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती लेहरीबाई भी धर्मनिष्ठ, कर्मनिष्ठ व परिवार की वरिष्ठ महिला हैं। साधु-सन्तों की सेवा में आप सदैव तत्पर रहती हैं। आपके पुत्र कमलेशजी चावत भी आपके ही पद्चिन्हों पर चलते हुए वर्ष 2005 से 2010 तक गाँव के सरपंच पद पर आसीन रहे तथा वर्तमान में स्थानीय संघ के अध्यक्ष हैं। राजनैतिक व सामाजिक क्षेत्र में आपका पूरा परिवार सक्रिय है।

स्व. श्री भैरूलालजी बिजोलिया, स्व. श्री सुजानमलजी चावत-छोटीसादड़ी आपके ज्येष्ठभ्राता तथा स्व. श्री देवीलालजी चावत (Dy S.P.) चित्तौड़गढ़ आपके लघुभ्राता थे। डॉ. भगवतीलालजी चावत आपके लघुभ्राता हैं। आप अपने पीछे एक पुत्र कमलेशजी चावत, भतीजे श्री पुनमचन्दजी, राकेशकुमारजी, सुमतिकुमारजी, अविनाशजी, मुकेशजी, विनोदजी, कुशालजी, लोकेशजी, दीपकजी, नरेन्द्रजी, सुपौत्र राहुल, हिमांशु, रितिक चावत, प्रपौत्र आगम चावत, प्रपौत्री ध्रुवी चावत आदि से भरा-पूरा संस्कारवान परिवार छोड़कर गए हैं। आपके पुत्र श्री सुरेशजी चावत का देवलोकगमन हो चुका है।

ऐसे महामना को समस्त चावत परिवार अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वीर प्रभु से प्रार्थना करता है कि उनकी आत्मा को चिरशान्ति प्रदान करें।

: श्रद्धावनत् :

श्रीमती लेहरीबाई (धर्मपत्नी), डॉ. बी.एल. चावत-सुशीला (भ्राता-वधू), कमलेशकुमार-कुसुमलता, स्व. सुरेशकुमार-सरितादेवी (पुत्र-पुत्रवधू), राहुल-निकिता (पौत्र-पौत्रवधू), हिमांशु, रितिक (पौत्र), आगम-ध्रुवी (प्रपौत्र-प्रपौत्री), पुनमचन्द, राकेश, सुमति, अविनाश, मुकेश, विनोद, कुशाल, लोकेश, दीपक, नरेन्द्र (भतीजे), बेबी-अमरसिंह, सुशीला-अशोक, इन्दु-पारस, स्नेहलता-नेमीचन्द (पुत्री-दामाद), नीलम-अशोक, पूजा-वैभव (पौत्रियाँ-दामाद), मितांश, रचित (पड़दोहिते) एवं समस्त चावत परिवार, लसड़ावन, जिला- चित्तौड़गढ़ (राज.)

फर्म- गुरुकृपा कन्स्ट्रक्शन, नवकार सप्लायर्स, लसड़ावन (राज.)
सम्पर्क : 9887755002, 9829640983, 9950506253, 9001126351

सुश्रावक श्री शांतिलालजी पितलिया रतलाम

स्व. श्री शांतिलालजी पितलिया सुपुत्र श्री बक्तावरमलजी पितलिया की आचार्य श्री नानेश एवं आचार्य श्री रामेश के प्रति अटूट श्रद्धा थी। चारित्रात्माओं की सेवा में आप सदैव अग्रणी रहते थे। आपकी धर्मसहायिका श्रीमती कमलादेवी पितलिया एवं पुत्र वीरेन्द्र, राजेन्द्र आदि समस्त परिवार साधु-साध्वियों की सेवा एवं संघ व समाज के कार्यों हेतु सदैव अपनी प्रशस्त सेवाएँ प्रदान करते हैं।

श्री शांतिलालजी के प्रतिदिन सामायिक, प्रतिक्रमण, समता भवन में चउदस का पौषध, पंचमी को आयम्बिल आदि करने के नियम थे। कई वर्षों तक आपने स्वाध्यायी सेवा प्रदान की। देव-गुरु-धर्म पर आपकी पूर्ण समर्पणा थी। आत्मीयता का गुण आप में कूट-कूट कर भरा था। छोटे-बड़े सभी के साथ अत्यन्त वात्सल्यता से घुल-मिल जाते थे। आप स्वाध्यायी सेवा हेतु श्री मगनलालजी सा मेहता एवं श्रीमती शांताबहन मेहता के साथ जाते थे। मात्र दो दिनों की बीमारी के बाद आपने देह त्याग दी। ना आपने स्वयं कोई कष्ट देखा और ना ही अन्य किसी को कष्ट दिया।

समाज सेवा के क्षेत्र में भी आपका प्रभूत योगदान रहा। कई वर्षों तक आपने श्री चम्पालालजी पिरोदिया के साथ प्रतिदिन रतलाम के सिविल हॉस्पिटल में मरीजों को फल-फ्रूट आदि वितरित किए और पिरोदियाजी के देहावसान के बाद भी आपने इस सेवा कार्य को अन्त तक जारी रखा। अन्तिम समय तक आपने अनेक प्रकार के त्याग-प्रत्याख्यान कर लिए थे।

आप अपने पीछे भरा-पूरा संस्कारवान परिवार छोड़कर गए हैं। सम्पूर्ण परिवार आपके पद्चिन्हों पर चलकर जीवन धन्य बना रहा है। आराध्यदेव से प्रार्थना है कि आप शीघ्र ही सिद्ध-बुद्ध-मुक्त हो अन्तिम लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त करें।

: श्रद्धावनत् :

कमलादेवी पितलिया, वीरेन्द्र-रजनी, राजेन्द्र-सुषमा पितलिया, मीना-अशोक भण्डारी, वैभव-नेहा, विवेक-स्वीटी, क्रिशवी, निरवी, बोधी, विज्ञ एवं समस्त पितलिया परिवार, रतलाम

शोक संदेश

गुवाहाटी। सुश्राविका जतनदेवी बोथरा धर्मपत्नी लुणकरणजी बोथरा का 4 मई को 69 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया। आपकी आचार्य श्री नानेश एवं आचार्य श्री रामेश शासन के प्रति अटूट आस्था थी। दैनिक नित्य-नियम, सामायिक एवं छोटे-छोटे व्रत-प्रत्याख्यानों से आप सदैव जुड़ी रहती थी। आप अपने पीछे भरा-पूरा संस्कारवान परिवार छोड़कर गई हैं।

देशनोक। सुश्रावक लिखमीचंदजी सांड का 17 अप्रैल को निधन हो गया। आपने श्री साधुमार्गी जैन संघ, देशनोक के कोषाध्यक्ष पद पर अनेक वर्षों तक सेवाएँ दी। आपका जीवन धर्म भावना से ओत-प्रोत था। आपने तीन आचार्यों के दर्शन-सेवा का लाभ लिया। आपके कई वर्षों से रात्रिभोजन, जमीकंद, बाजार की मिठाई का त्याग था। आप अपने पीछे भरा-पूरा संस्कारित परिवार छोड़कर गए हैं।

दुर्ग। सुश्रावक प्रकाशचंदजी देशलहरा का 13 फरवरी को निधन हो गया। आप श्री साधुमार्गी जैन संघ-दुर्ग के समर्पित कार्यकर्ता थे। पर्युषण पर्व में 8 दिन मौन साधना एवं दीपावली पर तेला तपाराधना अनेक वर्षों तक करते रहे। आप आचार्य श्री नानेश एवं आचार्य श्री रामेश के प्रति अटूट आस्थावान थे। साध्वी श्री कंचनश्रीजी म.सा. के आप संसारपक्षीय भाई थे। आप अपने पीछे भरा-पूरा संस्कारवान परिवार छोड़कर गए हैं।

कोटा। सुश्राविका संतोषजी मेहता धर्मपत्नी स्व. श्री राजेन्द्रसिंहजी मेहता का 13 अप्रैल को 82 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया। आपने मात्र 37 वर्ष की आयु में आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत का संकल्प लिया। आपके आजीवन रात्रिभोजन व जमीकन्द का त्याग था। आपने जीवनकाल में 1 मासखमण, 16 उपवास, अनेक अठाइयाँ व तेले तथा अन्य फुटकर तपस्याएँ करके कर्मनिर्जरा की। आप देव-गुरु-धर्म के प्रति अत्यन्त निष्ठावान थी। चारित्रात्माओं की सेवा हेतु सदैव अग्रणी रहती थी। आप अपने पीछे भरा-पूरा संस्कारवान परिवार छोड़कर गई हैं।

बीकानेर। सुश्राविका शर्मिलादेवी दस्सानी धर्मपत्नी श्री शान्तिलालजी दस्सानी का 29 अप्रैल को 53 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप मिलनसार, हंसमुख स्वभाव की महिला थी। सामायिक, एकासन, उपवास, स्वाध्याय आदि करती रहती थी। आप साध्वी श्री विपुलाश्रीजी म.सा. की संसारपक्षीय भाभीजी थी। संघ व शासन के प्रति आपकी अटूट आस्था थी। आप अपने पीछे भरा-पूरा संस्कारवान परिवार छोड़कर गई हैं।

भाग्य और पुरुषार्थ

परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री नानालालजी म.सा.

अधिकांश मानवों की यह कल्पना होती है कि मैं कुछ नहीं कर सकता, होता वही है जो विधाता ने लेख लिख दिया है। इन विचारों के कारण मानव की नव-नवोन्मेषिनी प्रतिभा कुंठित होती चली जाती है। अभिनव आविष्कारों के द्वारा अवरूद्ध हो जाते हैं। उन्नति के पथ पर एक बहुत बड़ी चट्टान आ खड़ी होती है। भोजन की सारी सामग्री उपलब्ध है लेकिन भोजन करने वाला कवल को मुंह में लेकर दांतों से चबाकर जब तक पेट में नहीं उतारता है, तब तक उसकी भूख शांत नहीं हो सकती। इतना पुरुषार्थ उसे करना ही होता है। जीवन के हर क्षेत्र में पुरुषार्थ की अनिवार्य आवश्यकता होती है। जीवन रूपी रथ को दो पहिए हैं। एक तरफ अपना कर्म (भाग्य) है तो दसरी ओर पुरुषार्थ। इन दोनों के संयोग से ही जीवन-रथ निश्चित दिशा की ओर गतिमान हो सकता है। केवल भाग्याश्रित मानव कभी भी उन्नति के चरम छोर को नहीं छू सकता। उन्नति केपथ पर बढ़ने के लिए इन नैराश्यपूर्ण विचारों से हटकर, सबल पुरुषार्थ के साथ आगे बढ़िये, तब अवश्य ही सुख का अतुल खजाना प्राप्त होगा।

-साभार नानेशवाणी

धार्मिक कार्य-

मेवाड़ अंचल-

बम्बोरा:- 14 अप्रैल 2022 को भगवान महावीर जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में सामूहिक नवकार मंत्र का जाप किया गया। रात्रि प्रतिक्रमण में 245 महिलाओं की उपस्थिति थी। 15 अप्रैल 2022 आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सुबह 7:00 बजे व्यसनमुक्ति जागरणा हेतु रैली निकाली गई, जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

बड़ीसादड़ी- आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर सामूहिक नवकार मंत्र का जाप तथा 5-5 सामायिक हुई। 28 अप्रैल 2022 को महिला मण्डल व बहुमण्ड़ल द्वारा चौबीसी का आयोजन किया गया।

भीलवाड़ा- 14 अप्रैल 2022 को समता महिला मण्डल द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में भगवान महावीर जन्मकल्याणक स्पेशल उपसर्ग प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें ''**मनुष्य से महावीर बनने की यात्रा तय करें**'' के विजेता प्रथम ज्योतिजी भूरा, द्वितीय रंजिताजी बुच्चा तथा तृतीय ललिताजी लोसर रहे।

15 अप्रैल 2022 आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर ''**राम में राम भरो**'' प्रतियोगिता कराई, जिसमें संजूजी बाँठिया तथा सरिताजी जैन विजेता रहीं। बच्चों में पर्व बुच्चा व गर्वित बुच्चा को महिला मंडल द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

चित्तौड़गढ़- 25 महिलाओं ने 9 दिन तक अखण्ड ओलीजी तप की आराधना की। 15 अप्रैल को आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर 25 आयंबिल और 24 एकासन हुए।

निम्बाहेड़ा- 26 अप्रैल 2022 को महिला मण्डल द्वारा वर्षीतप के तपस्वियों का बहुमान व चौबीसी का कार्यक्रम रखा गया। महिला मण्डल द्वारा आचार्य भगवन् द्वारा प्रदत्त 20 सूत्रीय आयाम में ज्ञान भक्ति, दशवैकालिक के चार अध्ययन, उववाई की 22 गाथाएँ एवं नमिपवज्जा कंठस्थ करने वाले तथा 50 थोकड़े की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का सम्मान किया गया।

फतेहनगर और प्रतापगढ़ में भी महिला मण्डल द्वारा आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर सामूहिक नवकार मंत्र का जाप व 2 सामायिक की गई।

बीकानेर-मारवाड़ अंचल-

नोखा- शासन दीपिका साध्वी श्री निखारश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 के सान्निध्य में जैन जवाहर भवन में आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस के अवसर पर महिला मण्डल द्वारा आचार्य भगवन् की महिमा एवं उनके आयामों पर विशेष कार्यक्रम रखा गया। वर्षीतप एवं नवपद ओली, आयंबिल तप आराधिकाओं का महिला मण्डल-नोखा द्वारा तपाभिनंदन एवं अनुमोदन किया गया।

जयपुर-ब्यावर अंचल-

जयपुर:- भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर समता महिला मंडल एवं समता बहू मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम ''**झलक प्रभु वीर एवं गुरु राम की**'' आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 100 महिलाओं की उपस्थिति थी और काफी बच्चे भी थे। इसमें आचार्य श्री रामेश के जीवन चारित्र एवं उनके द्वारा प्रदत्त आयामों जैसे- उत्क्रांति, परिवारांजली, व्यसनमुक्ति इत्यादि का नाट्य रूपान्तरण कर सभी को समझाया गया और प्रभु वीर की जीवन की झलक प्रस्तुत की गई। 15 अप्रैल को आचार्य श्री रामेश के जन्मदिवस पर समता भवन में 2-2 सामायिक का आयोजन किया गया।

ब्यावर :- 24 अप्रैल को महिला समिति के

तत्वावधान में ''सामायिक-साधना का शिलान्यास'' शिविर का आयोजन हुआ।

मध्यप्रदेश अंचल-

रतलाम- 1 अप्रैल को आनुपूर्वी एवं 2 अप्रैल को नवकार मंत्र का जाप हुआ। 15 अप्रैल को महिला समिति द्वारा सामूहिक प्रभात फेरी, रामेश चालीसा पर पहेली, भगवान महावीर के जीवन पर प्रश्न प्रतियोगिता, 3-3 सामायिक एवं 26 अप्रैल को वर्षीतप तपस्वियों की अनुमोदना हेतु चौबीसी का आयोजन किया गया।

इन्दौर- 14 अप्रैल को श्रमण भगवान श्री महावीर स्वामी जन्मकल्याणक के उपलक्ष में शोभायात्रा द्वारा पोस्टर आदि से उत्क्रांति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। जुलूस में चलने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। व्यसनमुक्ति संकल्प के 101 फार्म भरवाए गए। 15 अप्रैल को नवकार मंत्र का जाप, रामेश चालीसा व 5-5 सामायिक का आयोजन हुआ। एकासन, आयंबिल, रात्रि संवर व पौषध हुए।

जावरा- आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर प्रवचन में रामेश चालीसा पर आधारित प्रतियोगिता करवाई गई। शासन दीपिका साध्वी श्री मनोरमाश्रीजी म.सा. के सानिध्य में तीन दिवसीय ''बेसिक ऑफ जैनिज्म'' विषय पर शिविर लगाया गया। प्रतिदिन सुबह व दोपहर को जैन सिद्धान्त बत्तीसी की कक्षा भी चल रही है, जिसमें 45-50 महिलाएँ भाग ले रही हैं।

नीमच- 12 से 14 अप्रैल तक भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया गया, जिसमें अंताक्षरी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। 15 अप्रैल को आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर साध्वी श्री सुशीलाकँवरजी म.सा. के सानिध्य में नवकार मंत्र जाप व रामेश चालीसा पठन का आयोजन रखा गया। लगभग 250 सामायिक एवं 30-35 आयंबिल व एकासन हुए।

पिपलियामंडी- 4 से 6 अप्रैल तक शासन दीपिका साध्वी श्री प्रेमलताजी म.सा. के सान्निध्य में साध्वी श्री कल्पमणीजी म.सा. द्वारा बहुओं का त्रिदिवसीय शिविर लगाया गया। जिसका विषय था **''जीवन के मुख्य तथ्य तथा धर्म से कैसे जुड़े''**।

जावद- 5 अप्रैल को साध्वी श्री निरामगंधाजी म.सा. के सान्निध्य में जैन सिद्धान्त बत्तीसी को सरल तरीके से याद करवाया गया। 5 से 14 अप्रैल तक शासन दीपिका साध्वी श्री वनिताश्रीजी म.सा. द्वारा भगवान महावीर के 27 भव पर जानकारी दी गई। आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर सामूहिक एकासन हुए। 15 से 28 अप्रैल तक साध्वी श्री संभवश्रीजी म.सा. द्वारा लघुदण्डक की कक्षा ली गई।

छत्तीसगढ़-उड़ीसा अंचल-

दुर्ग- भगवान महावीर जन्मकल्याणक व आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर 5-5 सामायिक तथा विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएँ करवाई गई। जैसे- मुझे पहचानो, क्विज टाईम आदि। इनमें 60-65 महिलाओं ने भाग लिया।

कलंगपुर- 14 दिन का शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों व महिलाओं को जैन सिद्धांत बत्तीसी, 50 थोकड़े, वचन व्यवहार, रूपी-अरूपी का थोकड़ा, देवता के 198 भेद आदि का ज्ञान करवाया गया।

राजनांदगाँव- भगवान महावीर जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में बालिका मंडल की निबन्ध प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें 35 बालिकाओं ने भाग लिया। आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर 2 सामायिक तथा गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया।

रायपुर- शासन दीपक श्री हर्षितमुनिजी म.सा. द्वारा महिलाओं का दो दिवसीय शिविर था जिसका विषय था भिक्षा विधि। 24 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित शिविर में 130 बच्चों ने भाग लिया। शिविर

में पाँच पदों पर योगा के साथ, उनके गुण, रंग तथा संघ की धारणा की जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर द्वारा मोटिवेशनल मूवी दिखाकर कीर्तिजी साँखला द्वारा प्रश्नोत्तर किए गए। पक्खी पर 165 नीवी के प्रत्याख्यान हुए।

कर्नाटक-आंध्रप्रदेश अंचल-

बैंगलोर- दिनांक 13 से 15 अप्रैल तक शासन दीपक श्री छत्रांकमुनिजी म.सा. के सान्निध्य में ''दैनिक कार्यों में धर्म को समझने'' एवं ''कर्म बंधन से कैसे बच सकते हैं'' विषय पर शिविर रखा गया, जिसमें 42 महिलाओं ने भाग लिया।

हैदराबाद- 10 अप्रैल को व्यसनमुक्ति जागरूकता साईकिल रैली निकाली गई, जिसमें 120 श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया।

मुम्बई-गुजरात-यू.ए.ई अंचल-

पुणे:- भगवान महावीर जन्मकल्याणक और आचार्य श्री रामेश के जन्मदिवस पर 21 एकासन हुए व 2 लोगों ने एकासन का वर्षीतप प्रारम्भ किया।

सूरत :- भगवान महावीर जन्मकल्याणक एवं आचार्य श्री रामेश का जन्मदिवस पर संयुक्त प्रभात फेरी में समता महिला मंडल एवं बहू मंडल ने भाग लिया। 15 अप्रैल को विविध रंगों से सजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 8 कर्मों पर आधारित न्यूज, 18 पापस्थान पर आधारित संसार घटाने वाले विज्ञापन प्रस्तुत किए गए। प्रभु महावीर एवं आचार्य श्री रामेश के जीवन पर लघु नाटिकाओं की प्रस्तुति में 14 स्वप्न, देव उपसर्ग से वर्धमान बने महावीर, राजा श्रेणिक की नरक आयुष्य खत्म करने हेतु प्रभु द्वारा दिए गए उपाय, बालक जयचंद से मुनि राम, चंदनबाला द्वारा प्रभु महावीर के 13 अभिग्रहों का फलना आदि विषय प्रमुख रहे। 30 अप्रैल को समता भवन में महिला समिति शिविर ''जैन संस्कार पाठ्यक्रम परीक्षा'' पर स्वीटीजी पगारिया द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें शिविरार्थियों की शंकाओं का समाधान, परीक्षाओं के लिए प्रेरित करना एवं परीक्षा से पूर्व तैयारी करने आदि के बारे में पूजाजी भूरा द्वारा जानकारी दी गई। जयश्रीजी बच्छावत एवं सुनिताजी श्रीमाल द्वारा धार्मिक क्रिकेट की गतिविधि करवाई गई। इसमें ऊषाजी कांकरिया, दीपालीजी ललवानी, प्रीतिजी पगारिया एवं मोनिकाजी भंडारी की टीम विजेता रही।

महाराष्ट्र-विदर्भ-खानदेश अंचल-

जलगाँव- श्री महावीर जन्मकल्याणक दिवस पर समता महिला मंडल ने 6 काय के जीवों की रक्षा पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की तथा बहू मंडल ने शाकाहार विषय पर नाटक व झांकी प्रस्तुत की।

भंडारा- श्री महावीर जन्मकल्याणक दिवस पर **''कौन बनेगा धर्मपति''** प्रतियोगिता आयोजित की गई।

बंगाल-बिहार-नेपाल-भूटान-

कोलकाता :- भगवान श्री महावीर जन्मकल्याणक दिवस पर प्रभात फेरी तथा आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर सामूहिक गुणानुवाद सभा एवं प्रश्नोत्तरी में बहिनों ने उत्साह से भाग लिया।

पूर्वोत्तर अंचल :-

विश्वनाथ चाराली- 300 मांसाहारी लोगों ने भगवान महावीर के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में शाकाहारी भोजन किया। नाट्य रूपान्तर द्वारा भगवान के जन्म का दृश्य मंचित गया।

सिलापथार- भगवान महावीर जन्मकल्याणक धूमधाम से मनाया गया। भगवान के 27 भवों को एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया।

सिलापथार, कोकराझाड़, पथारकांदी, बरपेटा और गुवाहाटी में करीब 1000 अजैन लोगों ने मांसाहार सेवन का त्याग किया।

सामाजिक कार्य-

मेवाड़ अंचल-

निम्बाहेड़ा- महिला मण्डल द्वारा 15 अप्रैल को आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर कबूतरों को 100

किलो मक्की के दाने तथा गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया।

बड़ीसादडी- 15 अप्रैल को महिला मण्डल द्वारा आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फल व बिस्किट वितरित किए गए।

भीलवाडा- 10 अप्रैल को समता महिला मण्डल के सान्निध्य में युवतियों के द्वारा खुशियों का पिटारा कार्यक्रम रखा गया, जिसमें जरूरतमंद व्यक्तियों को युवतियों ने भोजन करवाया।

मध्यप्रदेश अंचल-

मंदसौर- आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अनामिका जन्म कल्याण सेवा समिति को राशन सामग्री भेंट की गई।

नागदा- महिला समिति द्वारा अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र में दरिद्र लोगों को भोजन करवाया गया।

खाचरौद व नीमच- आचार्य श्री रामेश जन्मोत्सव पर गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया।

जयपुर-ब्यावर अंचल-

ब्यावर:- युवती शक्ति के तत्वावधान में खुशियों का पिटारा गतिविधि में युवतियों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, भोपालगढ़ में 45 विद्यार्थियों को कॉपी, पेन्सिल बॉक्स एवं कलर पेन्सिल बॉक्स वितरित किए। राजकीय सीनियर सैकेण्डरी विद्यालय, हाथौन में 30 विद्यार्थियों को कॉपी, पेन्सिल बॉक्स और बैठने की दरियाँ वितरित की गई।

कर्नाटक आंध्रप्रदेश

हैदराबाद- भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव पर समता महिला समिति और समता युवा संघ के नेतृत्व में मेडिकल और एक्यूप्रेशर कैंप लगाया गया।

तमिलनाडु

चैन्नई- मानसिक विमंदित विद्यालय के बच्चों के लिए साधुमार्गी महिला मंडल एवं समता बहू मंडल ने श्री महावीर जन्मकल्याणक दिवस व आचार्य श्री रामेश जन्मदिवस पर नया आरओ प्लांट लगाया तथा बच्चों को उपहार बांटे।

छत्तीसगढ़-उड़ीसा अंचल-

रायपुर - 14 व 15 अप्रैल को भगवान महावीर व रामेश जयंती के उपलक्ष्य में बहू मंडल व महिला समिति द्वारा सुराणा भवन में मट्ठा एवं 700 गमछों का वितरण किया गया।

जगदलपुर - महिला मंडल व समता युवा संघ द्वारा महात्मा गांधी आश्रम में 90 बच्चों को खाद्य सामग्री व वस्त्र वितरण कर उन्हें जैन साधु के बारे में बताया गया। बच्चों ने भजन की प्रस्तुति दी।

मुम्बई-गुजरात-यू.ए.ई अंचल-

अहमदाबाद :- महावीर जयंती के उपलक्ष्य में समता महिला मंडल ने मणिनगर सरकारी विद्यालय में 77 जरूरतमंद बच्चों की नोटबुक्स, पेंसिल, रबर, पाउच तथा बिस्किट का वितरण किया।

सूरत :-14 अप्रैल को नवविकास ट्रस्ट के गरीब बच्चों को नाश्ते के पैकेट महिला मंडल एवं बहू मंडल द्वारा वितरित किए गए। 16 अप्रैल को सूरत के उधना क्षेत्र की गरीब बस्तियों में अन्न के लगभग 300 पैकेट्स का वितरण किया गया।

बंगाल-बिहार-नेपाल-भूटान-

कोलकाता- आचार्य श्री रामेश के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर 300 चश्मों का वितरण किया गया। स्थानीय वृद्धाश्रम में 375 लोगों को भोजन कराया गया।

पूर्वोत्तर अंचल :-

धुबड़ी- भगवान महावीर जन्मकल्याणक के उपलक्ष में राजकीय विद्यालय में वाटर फिल्टर लगवाया गया।

गुवाहाटी- गुरुदेव के जन्मोत्सव पर गुवाहाटी मंच द्वारा गौशाला में चारा एवं गुड़ का दान दिया गया।

प्रवास रिपोर्ट

क्र.सं.	दिनांक	स्थान	प्रवास रिपोर्ट
1.	17 से 19 अप्रैल	बंगाल बिहार नेपाल भूटान अंचल	राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती विनीताजी मुकीम, अनामिकाजी झाबक व सुमनजी सोनावत ने तीन दिवसीय प्रवास किया।
	17 अप्रैल	अररिया, पूर्णिया	सभी प्रवृत्तियों की जानकारी साझा कर महत्तम महोत्सव की प्रभावना की गई। मंडल लगाने और पाठशाला चालू करने के बारे में भी समझाया गया।
	18 अप्रैल	फारबिसगंज, किशनगंज	ये दोनों ही क्षेत्र धार्मिक रूप से काफी जागरूक हैं। 15-20 बहनों की उपस्थिति में यह मीटिंग की गई, जिसमें सभी प्रवृत्तियों के बारे में विचार-विमर्श हुआ। इन दोनों क्षेत्रों में पाठशाला और मंडल नियमित रूप से चल रहे हैं।
	19 अप्रैल	विराटनगर	यहां भी सभी प्रवृत्तियों के बारे में विचार-विमर्श हुआ। मंडल, पाठशाला का महत्त्व समझाया गया और सभी को संघ से जुड़े रहने की प्रेरणा दी गई।
2.	18 अप्रैल	छत्तीसगढ़ उड़ीसा अंचल	दुर्ग जिला प्रवास राष्ट्रीय अंचल उपाध्यक्ष वंदनाजी धाड़ीवाल, राष्ट्रीय अंचल मंत्री मोनालीजी ओस्तवाल, संयोजिका, कार्यकारिणी टीम के साथ प्रवास हुआ।
	18 अप्रैल	धमधा, अहिवारा, गिरहोला,कोडिया, रेवलीडिह	शासन दीपिका साध्वी श्री शकुंतलाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-7 के दर्शन, वंदन, प्रवचन, सेवा का लाभ मिला। शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ मीटिंग में सभी प्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी गई। समता सर्वमंगल, छात्रवृत्ति, महिला गृह उद्योग के बारे में जानकारी दी गई। वीर माता वंदनाजी छाजेड़ ने संघ के लिए बहुत अच्छे सुझाव दिए और स्वधर्मी परिवार से मुलाकात भी हुई। सभी जगह आजीवन सदस्याएँ बनाई गई। युवती शक्ति से युवतियों को जोड़ा गया। जैन संस्कार पाठ्यक्रम फॉर्म भरवाए गए।
3.	09 से 12 अप्रैल	दिल्ली-पंजाब-हरियाणा-उत्तरप्रदेश-हिमाचल प्रदेश	राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सपनाजी भूरा, वीर माता चंदाजी गुलगुलिया एवं किरणजी जैन का प्रवास हुआ।
	9 अप्रैल	चण्डीगढ़, पंचकुला, जिरकपुर, नालागढ़ व नवाशहर	केसरिया कार्यशाला, वुमन्स मोटिवेशनल फॉर्म और युवती शक्ति के लिए प्रेरणा दी गई। सभी क्षेत्रों में I Jain My Jain लगने वाले शिविरों की प्रभावना की गई है। परिवारांजलि, धोवन पानी, रात्रिभोजन त्याग व संस्कार संवर्द्धन आदि बिंदुओं की प्रेरणा दी गई। परिवारांजलि के 15 फॉर्म भरे गए।
	10 अप्रैल	फगवाड़ा, होशियारपुर, नादौन और जिंद	बंगा में प्रवचन व फगवाड़ा, होशियारपुर और नादौन

			(हिमाचल प्रदेश) में सभा हुई **सबसे बडी उपलब्धि प्रथम बार हिमाचल प्रदेश में आचार्य भगवन् के आयामों का प्रचार-प्रसार हुआ** और लोगो को संस्कार पाठ्यक्रम से जोड़ा गया। उत्क्रांति, परिवारांजलि, समता सर्व मंगल, पाठशाला और शिविर की प्रभावना की गई।
	12 अप्रैल	भटिण्डा, रामामण्डी, कालनवाली, सार्दुलगढ़ व सूरतगढ़	शासन दीपिका साध्वी श्री सुसमृद्धि श्रीजी म.सा. के दर्शन सेवा का लाभ मिला। जैन संस्कार पाठ्यक्रम के लगभग 100 आवेदन पत्र भरवाए गए। लोगों को उत्क्रांति व समता सर्व मंगल का आयाम काफी पसन्द आया।

ओलीजी आयंबिल करने वाली बहनों के नाम-

रेखाजी बोरदिया, रीनाजी पोखरना, सरोजजी सुराणा, सुशीलाजी जैन, चंचलजी मेहता, चंद्रकान्ताजी मेहता,अंगुरबालाजी नाहर, ललिताजी नाहर, मैनाजी नाहर, विजयलक्ष्मीजी नाहर, कोमलजी नाहर, कल्पनाजी पटवारी, समताजी नाहर, सोनाजी नाहर, मीनाजी धींग, रेखाजी चावत, कांताजी लोढ़ा, बंसतादेवी संचेती, लाड़देवी लोढ़ा, प्रेमबाई बाघमार, रोशनबाई सुराणा, माणकजी ढ़ीलीवाल, संगीताजी दुग्गड़, संगीताजी बाबेल, मंजूजी जारोली, सीमाजी मोगरा, शशिकलाजी डांगी, स्नेहलताजी श्रीश्रीमाल, रंजनाजी कर्नावट, सुन्दरदेवी संचेती, ममताजी लुणिया, उर्मिलाजी बोथरा

स्व. श्री प्रदीप कुमार रामपुरिया स्मृति साहित्य पुरस्कार

1. पात्रता :- इस पुरस्कार के अन्तर्गत जैन धर्म, दर्शन, इतिहास, कला एवं संस्कृति तथा जैन साहित्य, काव्य कला एवं संस्कृति और कथा, निबंध, नाटक, संस्मरण एवं जीवनी आदि के संबंध में लिखित मौलिक ग्रंथ पर दिया जाता है।

2. पुरस्कार के नियम :-

(2.1) पुरस्कार हेतु प्रकाशित /अप्रकाशित, (पाण्डुलिपि) दोनों प्रकार की कृतियां निर्धारित आवेदन-पत्र के साथ प्रस्तुत की जा सकती हैं।

(2.2) अन्य संस्थाओं द्वारा पूर्व में पुरस्कृत कृति पर यह पुरस्कार नहीं दिया जावेगा।

(2.3) प्रकाशित कृति का प्रकाशन पुरस्कार हेतु घोषित अवधि में (वर्ष 2016 से पूर्व नहीं) एवं घोषित विषय परिधि में ही होना चाहिये। यानि पुरस्कार हेतु प्रस्तुत कृति का प्रकाशन वर्ष 2016 के पश्चात् का होना चाहिए।

(2.4) पुरस्कार मूल्यांकन के लिए कृति की मुद्रित अथवा पाण्डुलिपि की चार प्रतियाँ नि:शुल्क भेजनी होगी। पाण्डुलिपि की 3 प्रतियाँ आवेदक को पुन: लौटा दी जायेगी। मुद्रित कृतियाँ नहीं लौटाई जावेगी।

(2.5) अप्रकाशित कृति (पाण्डुलिपि) की प्रतियाँ स्पष्ट टंकण की हुई अथवा हस्तलिखित, सुवाच्य एवं जिल्द बंधी होनी चाहिये।

(2.6) प्रतिभागी विद्वानों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे कृति के संबंध में स्वयं की कृति होने एवं इसके मौलिक होने का प्रमाण पत्र साथ भेजें।

3. स्वरूप:-

(3.1) पुरस्कार के अंतर्गत संघ की ओर से 51 हजार रुपये की राशि का चैक, अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिह्न किसी विशिष्टि दिवस अथवा गरिमामय समारोह में सम्मान पूर्वक भेंट किया जाएगा।

4. आवृति :- वार्षिक

प्रविष्टियाँ भिजवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2022 है, प्रविष्टियाँ केन्द्रीय कार्यालय के निम्न पते पर भिजवाएँ।

निवेदक : **प्रदीप बोरड़**

(संयोजक : स्व. श्री प्रदीप कुमार रामपुरिया स्मृति साहित्य पुरस्कार समिति)

प्रविष्टियाँ भिजवाने का पता

केन्द्रीय कार्यालय, श्री अ.भा.सा. जैन संघ, समता भवन, आचार्य श्री नानेश मार्ग, नोखा रोड, गंगाशहर, बीकानेर (राज.)-334001
फोन 0151-2270261, 2270359, मो.नं. - 9116109777 ई-मेल :- ho@sadhumargi.com

समता शाखा रिपोर्ट

क्रमांक	अंचल का नाम	आंचलिक गतिविधि	03-04	10-04	17-04	24-04
1	मेवाड़	आंचलिक उपस्थिति	1947	1821	1547	1741
		आंचलिक क्षेत्र	94	93	91	91
2	बीकानेर-मारवाड़	आंचलिक उपस्थिति	597	567	640	533
		आंचलिक क्षेत्र	45	42	43	41
3	जयपुर-ब्यावर	आंचलिक उपस्थिति	357	343	323	392
		आंचलिक क्षेत्र	27	28	28	28
4	मध्यप्रदेश	आंचलिक उपस्थिति	1160	1155	1033	1266
		आंचलिक क्षेत्र	77	75	76	76
5	छत्तीसगढ़-उड़ीसा	आंचलिक उपस्थिति	2112	2272	2320	2262
		आंचलिक क्षेत्र	166	163	156	160
6	कर्नाटक-तेलंगाना-आंध्रप्रदेश	आंचलिक उपस्थिति	487	354	404	413
		आंचलिक क्षेत्र	26	25	21	23
7	तमिलनाडु	आंचलिक उपस्थिति	306	295	289	320
		आंचलिक क्षेत्र	13	13	12	13
8	मुंबई-गुजरात-यू.ए.ई	आंचलिक उपस्थिति	554	541	553	723
		आंचलिक क्षेत्र	32	33	32	37
9	महाराष्ट्र-विदर्भ-खानदेश	आंचलिक उपस्थिति	501	414	514	469
		आंचलिक क्षेत्र	48	43	48	42
10	बंगाल-बिहार-नेपाल-भूटान-झारखण्ड-आंशिक उड़ीसा	आंचलिक उपस्थिति	401	364	350	286
